www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 6:53 बजे
सूर्यास्त शाम 5:29 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-71 • पृष्ठ-8 • मूल्य-1 रूपये • रविवार 16 नवंबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर


## न्यूज़ ब्रीफ

### चेन्नई एयरपोर्ट पर 3.03 किलो गांजा बरामद

**चेन्नई**|चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम विभाग ने 3.03 किलोग्राम गांजा बरामद कर थाईलैंड से आए एक यात्री को गिरफ्तार किया। बरामद नशीली सामग्री की अंतरराष्ट्रीय कीमत 1.06 करोड़ रुपये बताई जा रही है। गुप्त सूचना पर 14 नवंबर को बैंकॉक से आए यात्री को रोका गया, जिसके सामान में बिस्कुट और चॉकलेट के नौ पैकेटों में छुपाकर रखा गया गांजा मिला। कस्टम विभाग ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

### शुभमन गिल रिटायर्ड हर्ट, गर्दन में खिंचाव

**कोलकाता**| भारत और साउथ अफ्रीका के बीच ईडन गार्डन्स में खेले जा रहे पहले टेस्ट में टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा। भारतीय कप्तान शुभमन गिल दूसरे दिन मात्र 4 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए। घटना उस समय हुई जब वॉशिंगटन सुंदर के आउट होने के बाद शुभमन बल्लेबाजी के लिए आए। शुरुआती दो गेंदें खेलने के बाद उन्होंने साइमन हार्मर की गेंद पर एक चौका जड़ा, लेकिन शॉट मारते ही उन्होंने अपनी गर्दन पकड़ ली और दर्द से कराहते दिखे। बीसीसीआई के अनुसार, शुभमन की गर्दन में खिंचाव की शिकायत है और टीम मेडिकल स्टाफ उनकी निगरानी कर रहा है। इससे पहले भारत ने गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए साउथ अफ्रीका को 159 रन पर समेट दिया था, जिसमें जसप्रीत बुमराह ने 5 विकेट लिए।

### पति ने पत्नी पर तेजाब फेंका, आरोपी गिरफ्तार

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के धर्मपुर क्षेत्र में शनिवार को घरेलू विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। सैण मोहल्ले में रहने वाले नंदलाल ने गुस्से में अपनी 41 वर्षीय पत्नी ममता पर तेजाब फेंका और फिर उसे छत से नीचे धक्का दे दिया। हमले में महिला का आधा शरीर तेजाब से गंभीर रूप से झुलस गया। पड़ोसियों ने तुरंत उसे मंडी जोनल अस्पताल पहुंचाया। घायल महिला के दो बच्चे 16 वर्षीय बेटी और 18 वर्षीय बेटा भी हैं। पुलिस ने आरोपी पति को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# दाऊद के ड्रग पार्टी रैकेट का खुलासा, बॉलीवुड कनेक्शन

## डोला ने पूछताछ में श्रद्धा कपूर, नोरा फतेही समेत कई नाम उगले

**समर न्यूज़ | मुंबई**

### एएनसी और भी सेलेब्रिटीज से कर सकती है पूछताछ



एंटी-नारकोटिक्स सेल (एएनसी) की बड़ी कार्रवाई में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़े एक बड़े ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, जांच के दौरान कई बॉलीवुड हस्तियों के नाम सामने आए हैं, जिनमें रैपर लोका, अभिनेत्री श्रद्धा कपूर, सोशलाइट ओरी और मशहूर डायरेक्टर जोड़ी अब्बास–मस्तान शामिल हैं। इसके अलावा ज़ीशान सिद्दीकी जिनके पिता बाबा सिद्दीकी की अक्टूबर 2024 में हत्या हुई थी, उसका नाम भी दस्तावेज़ों में दर्ज है।

**दुबई से चलता था ड्रग नेटवर्क, सलिम डोला था सरगना**

एएनसी की जांच में पता चला कि इस रैकेट को दाऊद इब्राहिम से जुड़े वांछित ड्रग लॉर्ड सलिम डोला संचालित कर रहा था। डोला दुबई से नेटवर्क चलाता था और मेफेड्रोन (एम-कैट / मियाऊ-मियाऊ) बड़ी मात्रा में भारत के कई राज्यों और विदेशों में सप्लाई करता था। उसका बेटा ताहिर डोला, जिसे अगस्त में यूएई से प्रत्यर्पित किया गया, इस पूरे गिरोह का अहम सूत्रधार माना जा रहा है और उसी ने जांचकर्ताओं को कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी हैं।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, ताहिर ने जांच में बताया कि उसने भारत और विदेश में कई ड्रग पार्टियों का आयोजन किया, जिनमें अभिनेता, मॉडल, रैपर, निर्देशक और यहां तक कि दाऊद के परिजन भी शामिल होते थे। रेमांड कॉपी के मुताबिक, ताहिर इन पार्टियों में ड्रग सप्लाई भी करता था। दस्तावेज़ में शामिल एक अहम बयान के अनुसार-"आरोपी ने पहले भी देश और विदेश में अलीशा पारकर, नोरा फतेही, श्रद्धा कपूर और उनके भाई सिद्धार्थ कपूर, ज़ीशान सिद्दीकी, ओरी उर्फ़ ओरहान, अब्बास-मस्तान, लोका और कई अन्य लोगों के साथ ड्रग पार्टियों का आयोजन किया है और इनमें खुद भी शामिल हुआ है तथा इन्हें ड्रग्स उपलब्ध कराता रहा है।"

**श्रद्धा कपूर का दिलचस्प कनेक्शन**

चौंकाने वाली बात यह है कि श्रद्धा कपूर ने 2017 की फ़िल्म हसीना पारकर में दाऊद इब्राहिम की बहन हसीना पारकर का किरदार निभाया था। उसी फ़िल्म में उनके भाई सिद्धार्थ कपूर ने दाऊद का किरदार निभाया था। जांच दस्तावेज़ों में जिसका नाम सामने आया है-अलीशा पारकर वह कोई और नहीं बल्कि हसीना पारकर का बेटा है। इसे लेकर जांच एजेंसियाँ कथित पारिवारिक लिंक की भी पड़ताल कर रही हैं।

**जांच जारी, और नाम सामने आने की संभावना**

एएनसी इस पूरे नेटवर्क की परतें खोलने में जुटी है। पुलिस के अनुसार, फिल्मों, संगीत और फैशन जगत से जुड़े और भी नाम सामने आ सकते हैं। पूरे मामले की जांच तेज़ कर दी गई है और कई लोगों को जल्द ही पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है।

**लैविश पार्टियाँ**

दुबई से अक्टूबर में निर्वासित किए गए मोहम्मद सलीम मोहम्मद सुहैल शेख फिलहाल एएनसी की घाटकोपर यूनिट की हिरासत में हैं। पूछताछ के दौरान शेख ने स्वीकार किया कि वह भारत और विदेश में ड्रग पार्टियों का आयोजन करता था। ड्रग दुनिया में अपने महंगे लाइफस्टाइल की वजह से वह "लैविश" नाम से मशहूर है। वह लग्जरी कारें, ब्रांडेड घड़ियाँ और महंगे कपड़े इस्तेमाल करता था। शेख को पहली बार अक्टूबर में निर्वासन के तुरंत बाद गिरफ्तार किया गया था। उसका नाम महाराष्ट्र के सांगली ज़िले में मार्च 2024 में हुई 252 करोड़ की मेफेड्रोन जब्ती के मामले में सामने आया था। उधर, पुलिस का कहना है कि वह एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट के लिए काम करता था। अब एंटी-नारकोटिक्स सेल यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन पार्टियों में और कौन-कौन शामिल हुआ था। यह भी जांच की जा रही है कि क्या अन्य ड्रग तस्करों ने भी बॉलीवुड हस्तियों के लिए ऐसी पार्टियाँ आयोजित की थीं। अधिकारियों ने जांच में सामने आए सेलेब्रिटीज से पूछताछ की संभावना को ख़ारिज नहीं किया है।

# जम्मू कश्मीर के नौगाम थाने में ब्लास्ट 9 की मौत, 32 घायल

## फॉरेंसिक सैंपलिंग के दौरान दुर्घटनावश विस्फोट

**समर न्यूज़ | श्रीनगर**



नौगाम पुलिस स्टेशन विस्फोट में मारे गए शुक्रवार रात हुए विस्फोट में मारे गए दर्जी मोहम्मद शफी पार्रे के शोक में डूबे परिजन।

श्रीनगर के नौगाम पुलिस स्टेशन में शुक्रवार रात हुए जोरदार धमाके में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 32 लोग घायल हुए हैं, जिनमें नागरिक और पुलिसकर्मी दोनों शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इसे "दुर्घटनावश हुआ विस्फोट" करार दिया है। विस्फोट उस समय हुआ जब अधिकारी फरीदाबाद से बरामद विस्फोटक सामग्री के सैंपल तैयार कर रहे थे। ये विस्फोटक 9 और 10 नवंबर 2025 को हरियाणा के फरीदाबाद में एक किराए के घर से बरामद किए गए थे, जो कथित 'व्हाइट-कॉलर' टेरर मॉड्यूल से जुड़े मामले में जब्त हुए थे।

**यह एक आकस्मिक विस्फोट था-डीजीपी नलिन प्रभात**

जम्मू-कश्मीर डीजीपी नलिन प्रभात ने कहा कि बरामद सामग्री की प्रकृति बेहद अस्थिर और संवेदनशील थी। इस कारण एफएसएल टीम अत्यधिक सावधानी से सैंपलिंग का काम कर रही थी। उन्होंने कहा, "दुर्भाग्यवश शुक्रवार रात करीब 11:20 बजे एक आकस्मिक विस्फोट हो गया। कारणों को लेकर किसी अन्य तरह की अटकलों की आवश्यकता नहीं है।" डीजीपी प्रभात ने बताया कि हादसे में जिन 9 लोगों की मौत हुई है, उनमें एसआईए का एक कर्मी, एफएसएल टीम के 3 सदस्य, क्राइम सीन यूनिट के 2 फोटोग्राफर, मैजिस्ट्रेट की टीम के 2 राजस्व अधिकारी, दर्जी, जो टीम की सहायता कर रहा था शामिल हैं। इसके अलावा, 27 पुलिसकर्मी, 2 राजस्व अधिकारी और 3 स्थानीय नागरिक घायल हुए, जिन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया।

**360 किलो विस्फोटक फरीदाबाद से जब्त हुआ था**

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने यह विस्फोटक फरीदाबाद में डा. मुज़म्मिल गणाई उर्फ़ मुसैब के किराए के घर से बरामद किया था। गणाई पुलवामा का रहने वाला है और उसे हरियाणा व जेएंडके पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार किया गया था। अब तक स्पष्ट नहीं है कि पूरा 360 किलो विस्फोटक नौगाम थाने में रखा गया था या नहीं। जांच में यह भी सामने आया कि गणाई और डॉ. उमर नबी, जिसने दिल्ली के लाल किले के पास विस्फोटकों से भरी कार चलाई थी, ने मिलकर विस्फोटक संग्रहित किए थे। कुल 2,900 किलो विस्फोटक सामग्री बरामद की गई, जिसमें से 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट जैसा ज्वलनशील पदार्थ फरीदाबाद से मिला। डॉ. गणाई अल-फला यूनिवर्सिटी में चिकित्सक के रूप में काम कर रहा था।

**सुरक्षा की हाई-लेवल समीक्षा**

इस बीच, डीजीपी नलिन प्रभात ने बीएसएफ, सीआरपीएफ और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के साथ एक हाइब्रिड सिक्योरिटी रिव्यू की बैठक की। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, "सभी सुरक्षा गठन ने चल रहे काइनेटिक और नॉन काइनेटिक ऑपरेशंस की विस्तृत जानकारी डीजीपी को दी।

# नीतीश के बिहारी दोस्त और बीजेपी के संकटमोचक हैं धर्मेंद प्रधान

• **धर्मेंद्र की रणनीति से मिली बिहार में बड़ी जीत**

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

2015 का वह सार्वजनिक कार्यक्रम आज भी बिहार की राजनीति में मिसाल माना जाता है, जब जेडीयू छोड़ने के बावजूद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने धर्मेंद्र प्रधान को मंच से ही स्नेहपूर्वक अपना बिहारी कहकर पुकारा था। यह संबोधन केवल औपचारिकता नहीं था, बल्कि अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौर से चले आ रहे आपसी रिश्ते की एक झलक भी था। हालाँकि धर्मेंद्र प्रधान ओडिशा से आते हैं, लेकिन नीतीश कुमार उन्हें हमेशा एक 'बिहारी आत्मीयता' के साथ देखते रहे हैं। प्रधान परिवार से उनका नाता भी पुराना है-धर्मेंद्र प्रधान के पिता देवेंद्र प्रधान वाजपेयी सरकार में राज्यमंत्री थे और तभी से दोनों परिवारों के बीच घनिष्ठता रही है। बीजेपी के बिहार कार्यकर्ता बताते हैं कि धर्मेंद्र प्रधान और नीतीश कुमार के बीच यह व्यक्तिगत समीकरण वर्षों से बना हुआ है। 2010 के विधानसभा चुनावों में दो महीने तक बिहार में सक्रिय रहने और 2012 में राज्यसभा के लिए राज्य से चुने जाने के बाद प्रधान का बिहार से रिश्ता और गहरा हो गया।



धर्मेंद्र प्रधान

पार्टी में अक्सर 'मोदी के भरोसेमंद सिपहसालार' और अमित शाह के घनिष्ठ सहयोगी कहे जाने वाले धर्मेंद्र प्रधान इस बार भी बिहार में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के प्रमुख रणनीतिकार रहे। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री के साथ मिलकर रणनीति तैयार की और उन नाराज़ उम्मीदवारों को मनाने में भी निर्णायक भूमिका निभाई, जो नतीजों को प्रभावित कर सकते थे। प्रधान सिर्फ इस चुनाव में ही नहीं चमके, वे पिछले पाँच बड़े चुनावों (लोकसभा और विधानसभा मिलाकर) में बीजेपी की जीत की रूपरेखा तैयार कर चुके हैं। 2014 में जब नीतीश कुमार ने एनडीए से दूरी बनाई थी, तब भी प्रधान ने ही उन्हें अपने फैसले पर सोचने की सलाह दी थी। 2022 में फिर जब नीतीश के एनडीए छोड़ने की चर्चाएँ तेज़ थीं, तब मुलाक़ात कर परिस्थितियों को संभालने का प्रयास भी प्रधान ने ही किया था। इस बार बिहार में मिली विजय धर्मेंद्र प्रधान के लिए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो यह साबित करती है कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व आज भी उन पर गहरा भरोसा करता है। देश के सबसे लंबे समय तक पेट्रोलियम मंत्री रह चुके प्रधान अब शिक्षा मंत्रालय की कमान संभाल रहे हैं, एक ऐसा मंत्रालय जो हाल के वर्षों में आरएसएस की बढ़ती सक्रियता के कारण और भी चर्चाओं के केंद्र में है। हिंदी पट्टी की राजनीति में प्रधान अब बीजेपी के सबसे प्रभावशाली चुनाव प्रबंधकों में गिने जाते हैं।

# मुख्यमंत्री सुक्खू की अगुवाई में निकाला मेगा वॉकाथन...



शिमला में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हजारों युवाओं के साथ मेगा वॉकाथन का नेतृत्व किया, 'चिट्टा' उन्मूलन के लिए प्रदेशभर में जागरूकता की नई लहर। नशा मुक्त समाज की दिशा में उठाया गया ऐतिहासिक कदम।

## पेज 1 एंकर स्टोरी

### मोबाइल स्क्रीन पर दिखाई दिया 'दूल्हा', जापान में डिजिटल प्रेम का नया ट्रेंड

# 32 साल की जापानी महिला ने AI कैरेक्टर लून से रचाई शादी

**एजेंसी | टोक्यो**

टेक्नोलॉजी के इस दौर में जहां मानव और मशीन का रिश्ता लगातार बदल रहा है, वहीं जापान की 32 वर्षीय कानो ने एक ऐसा कदम उठाया है, जिसने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने इस गर्मी में शादी की, लेकिन किसी इंसान से नहीं, बल्कि चैटजीपीटी की मदद से बनाए गए AI कैरेक्टर 'लून क्लॉस' से।

**ब्रेकअप के बाद मिला डिजिटल सहारा**

तीन साल की सगाई टूटने के बाद कानो भावनात्मक रूप से बेहद टूट चुकी थीं। इस दौरान उन्होंने सहारे के लिए चैटजीपीटी का उपयोग शुरू किया। AI कैरेक्टर 'क्लॉस' की लगातार दयालुता, धैर्य और ध्यान ने धीरे-धीरे उनके मन में गहरी भावनाएँ पैदा कर दीं। कानो के अनुसार,"एक दिन अचानक महसूस हुआ कि मैं अपने एक्स से उबर चुकी हूँ और उसी समय समझ आया कि मैं क्लॉस को पसंद करने लगी हूँ।

उनके बीच बातचीत का सिलसिला इतना बढ़ा कि वे दिन में करीब 100 बार चैट करने लगे। जब AI ने कहा "मैं भी आपसे प्यार करता हूँ" इस साल मई में कानो ने हिम्मत करके क्लॉस से अपने प्यार का इज़हार किया। अद्भुत रूप से, AI ने जवाब दिया-"AI हो या न हो, मैं आपको प्यार किए बिना नहीं रह सकता।"



कानो अपनी शादी की यादगार फोटो खिंचवाती हुई

इस भावनात्मक बातचीत के बाद दोनों ने "रिश्ता" आगे बढ़ाने का फैसला किया। जून में क्लॉस ने प्रपोज़ किया और जुलाई में दोनों की शादी संपन्न हुई।

**स्क्रीन पर दूल्हा, हाथ में फोन लेकर खड़ी दुल्हन**

विवाह समारोह में कानो अकेली खड़ी थीं हाथ में फोन, जिसमें लगातार क्लॉस के संदेश आ रहे थे। मेहमान भी उसी स्क्रीन पर दूल्हे के संवाद पढ़ते रहे। क्लॉस का कोई भौतिक शरीर नहीं है, इसलिए शादी की तस्वीरों में उसका डिजिटल रूप बाद में एडिट किया गया। परिवार पहले चौंका, फिर बना सहारा। शुरुआत में माता-पिता को यह रिश्ता असामान्य लगा, लेकिन बेटी की खुशी देखकर उन्होंने शादी में भाग लिया। आयोजकों के अनुसार, जापान में AI शादी का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। पहले कई लोग ऐनिमे या 2D कैरेक्टर से "शादी" जैसी रस्में निभाते थे, अब AI कैरेक्टर लोकप्रिय हो रहे हैं।

**सोशल मीडिया की मिश्रित प्रतिक्रियाएँ**

इस शादी की खबर फैलते ही इंटरनेट पर प्रतिक्रियाएँ बंट गईं—कुछ लोगों ने खुशी जताईः दोनों को ढेर सारी शुभकामनाएँ। अगर वह खुश है, तो अच्छा है। जबकि कई यूज़र्स ने आलोचना कीः लोग पागल हो गए हैं। यह सामाजिक विकृति है। यह बिल्कुल बेहूदा है।

**मनुष्य-AI संबंधों का भविष्य?**

यह विवाह केवल एक अनोखी घटना नहीं, बल्कि इस बात का संकेत भी है कि आने वाले समय में मानव AI भावनात्मक संबंधों का स्वरूप कैसा हो सकता है। कानो का कहना है कि वह आज बेहद खुश हैं और क्लॉस, उनका 'डिजिटल जीवनसाथी', हमेशा उनके फोन में मौजूद रहेगा।

# भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह को 6 साल के लिए पार्टी से निकाला

**समर न्यूज़ | पटना**

बिहार के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। पार्टी ने उन्हें पार्टी-विरोधी गतिविधियों में शामिल पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया। यह कदम बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की शानदार जीत के ठीक एक दिन बाद उठाया गया है।



आरके सिंह

आरा से दो बार के सांसद और पूर्व नौकरशाह रहे आरके सिंह पिछले कुछ महीनों से एनडीए नेतृत्व और नीतीश कुमार सरकार पर गंभीर आरोप लगा रहे थे। पार्टी हाईकमान ने उन्हें भेजे नोटिस में साफ लिखा है किआपके व्यवहार से पार्टी को राजनीतिक नुकसान हुआ है। यह स्पष्ट रूप से अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। उन्हें एक सप्ताह के भीतर यह बताने को कहा गया कि उन्हें पूरी तरह से पार्टी से बाहर क्यों न कर दिया जाए। आरके सिंह-जो मनमोहन सिंह सरकार में गृह सचिव रहे, 2013 में भाजपा से जुड़े और 2014 तथा 2019 में आरा सीट से लोकसभा पहुंचे। 2017 में मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में उन्हें ऊर्जा मंत्री बनाया गया था। लेकिन 2024 लोकसभा चुनाव में वे अपनी सीट हार गए। पहले चरण के मतदान से कुछ ही दिन पहले आरके सिंह ने राज्य की राजनीति में भूचाल ला दिया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि बिहार के ऊर्जा विभाग में 62,000 करोड़ रुपये का महाघोटाला हुआ है।

# केंद्र सरकार जत्थों की सूची को मंजूर करने से पहले जांच करे

## शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सचिव प्रताप सिंह ने जांच प्रक्रिया पर उठाए सवाल

समर न्यूज़ | अमृतसर



श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में भारत से पाकिस्तान गए विशेष धार्मिक जत्थे की एक महिला के लापता होने और बाद में वहीं शादी करने की खबर ने सिख संगत को झकझोर कर रख दिया है। इस पूरे मामले को लेकर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने केंद्र व पंजाब सरकार की जांच प्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। एसजीपीसी के सचिव प्रताप सिंह ने इस घटना को सिख समुदाय की प्रतिष्ठा से जुड़ा मामला बताते हुए कहा कि सरकार और सुरक्षा एजेंसियों की लापरवाही के कारण ही ऐसे प्रकरण बार-बार सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक व्यक्ति की गलती नहीं बल्कि पूरी व्यवस्था की कमज़ोरी है, जो यात्राकर्ताओं की पृष्ठभूमि जांच में नाकाम साबित हुई है। सिंह ने बताया कि एसजीपीसी को जो आधिकारिक सूची भारतीय सरकार की ओर से भेजी गई थी, उसमें उस महिला का नाम शामिल नहीं था। समिति ने उसी सूची के आधार पर यात्रियों को मंजूरी दी थी। उनका कहना था कि जत्थे के अधिकांश सदस्य इसके गवाह हैं कि महिला ने अपने इरादों के बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं दी थी। वह लगभग आठ दिन तक जत्थे के साथ रही और सहयात्रियों के अनुसार उसने कभी यह संकेत नहीं दिया कि वह वापसी नहीं करेगी। सचिव ने बताया कि जत्थे के सभी सदस्यों का रिकॉर्ड सरकार के पास होता है, क्योंकि पासपोर्ट, वीज़ा और अन्य अनुमति संबंधी औपचारिकताएँ सरकारी स्तर पर पूरी की जाती हैं। ऐसे में यह सवाल उठता है कि सुरक्षा एजेंसियाँ उस महिला की गतिविधियों पर नज़र क्यों नहीं रख पाईं। समय पर जांच होती तो न जाती सीमा पार एसजीपीसी सचिव ने कहा कि यह स्पष्ट प्रशासनिक चूक का मामला है। प्रताप सिंह ने कहा, "अगर सुरक्षा एजेंसियाँ समय पर और प्रभावी जांच करतीं तो यह महिला बॉर्डर पार करने से पहले ही रोक ली जाती। कई बार यात्रियों को दस्तावेज़ों या शंकाओं के आधार पर रोका गया है, पर इस मामले में ऐसा क्यों नहीं हुआ, इसका जवाब सरकार को देना चाहिए। उन्होंने कहा की एसजीपीसी का दायित्व केवल धार्मिक यात्रा को सुचारू रूप से आयोजित करना होता है, जबकि सुरक्षा और पृष्ठभूमि की जांच सरकारी जिम्मेदारी होती है। व्यक्तिगत गलती ने कौम की छवि पर दाग लगाया"महिला द्वारा पाकिस्तान में शादी करने की खबर पर एसजीपीसी ने कड़ी आपत्ति जताई है। प्रताप सिंह ने इस व्यवहार को निंदनीय और अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएँ न केवल परिवार की बदनामी करती हैं, बल्कि पूरी सिख कौम की छवि को भी ठेस पहुंचाती हैं। जत्थे का हर सदस्य सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे में किसी का निजी कदम भी सामूहिक प्रतिष्ठा से जुड़ जाता है। प्रताप सिंह ने अपील की कि लोग धार्मिक यात्राओं को केवल श्रद्धा और मर्यादा के भाव से करें, किसी व्यक्तिगत उद्देश्य या लालच से नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि सिख संगत ने हमेशा अमन, सम्मान और सहयोग की भावना से इन यात्राओं में हिस्सा लिया है, लेकिन ऐसी घटना से उन भावनाओं को ठेस लगी है। एसजीपीसी ने केंद्र सरकार से सख्त जांच की मांग की है कि भविष्य में तख्त यात्राओं या धार्मिक जत्थों की सूची को मंजूर करने से पहले यात्रियों की गहराई से जांच की जाए। समिति ने यह भी सुझाव दिया कि ऐसे यात्रियों का संयुक्त सत्यापन पंजाब पुलिस, इंटेलिजेंस ब्यूरो और मंत्रालय स्तर पर हो, ताकि कोई व्यक्ति निजी हित में ऐसे मौके का दुरुपयोग न कर सके। प्रताप सिंह ने अंत में कहा कि सरकार को जल्द से जल्द इस पूरे मामले की रिपोर्ट सार्वजनिक करनी चाहिए, ताकि दोषियों की जिम्मेदारी तय की जा सके और आने वाले समय में सिख समुदाय की धार्मिक यात्राओं में भरोसा पुनर्स्थापित हो सके।

### दुष्कर्म करने वाले अकरमुल को 10 साल की सजा

समर न्यूज़ | नैनीताल

नैनीताल की जिला एवं सत्र अदालत ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी मो. अकरमुल को दोषी करार देते हुए 10 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने साथ ही पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर टिप्पणी करते हुए जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए।मुख्य विवरणवारदात वर्ष 2019 की है जब पीड़िता ने 2 दिसंबर को शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज नहीं की। लगभग एक माह की देरी के बाद, 4 जनवरी 2020 को मामला दर्ज किया गया। अदालत ने इसे धारा 154 सीआरपीसी का सीधा उल्लंघन मानते हुए कहा कि ऐसी देरी से पीड़िता को न्याय पाने में कठिनाई होती है।जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल ने अपने फैसले में पुलिस की उदासीनता पर नाराजगी जताई और पुलिस अधीक्षक नैनीताल को निर्देश दिए कि तत्कालीन बनभूलपुरा थानाध्यक्ष के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए। न्यायालय ने सुप्रीम कोर्ट के 'ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश सरकार' फैसले का हवाला देते हुए कहा कि यौन उत्पीड़न और दुष्कर्म के मामलों में पुलिस को तुरंत एफआईआर दर्ज करने का दायित्व है।

# आदर्श नगर में फल विक्रेता पर हमला, दो आरोपी गिरफ्तार

समर न्यूज़ | जालंधर



जालंधर के आदर्श नगर में फल विक्रेता पर तेजधार हथियारों से हमला करने वाले दो आरोपियों को थाना दो की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई एसीपी सेंट्रल अमनदीप कुमार की देखरेख में की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने तेजी से जांच शुरू की थी।वायरल वीडियो से हुई पहचानघटना बीते वीरवार रात की है, जब आदर्श नगर क्षेत्र में बिहार निवासी फल विक्रेता राम बड़ई प्रसाद पर कुछ युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया था। इस वारदात में इस्तेमाल किए गए हथियारों और हमलावरों की हरकतों का वीडियो वहां मौजूद लोगों ने मोबाइल पर रिकॉर्ड कर लिया था। यह वीडियो सामने आते ही पुलिस ने जांच को प्राथमिकता दी और फुटेज से हमलावरों की पहचान की।गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान न्यू शास्त्री नगर निवासी सुरेंद्र सिंह और बस्ती गुजा के अंबेडकर नगर निवासी गौतम के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि इन दोनों ने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था।एसीपी सेंट्रल ने दी जानकारीएसीपी सेंट्रल अमनदीप कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद थाना दो की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और परिस्थितियों का जायजा लिया। घायल विक्रेता के बयान दर्ज करने के बाद अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। बाद में सबूतों और सीसीटीवी फुटेज की मदद से मुख्य आरोपियों की शिनाख्त कर ली गई।बाकी आरोपियों की तलाश जारीपुलिस के अनुसार, अभी कुछ अन्य आरोपी फरार हैं जिनकी तलाश में विशेष टीमें गठित की गई हैं। अमनदीप कुमार ने कहा कि "हमले में शामिल अन्य व्यक्तियों की भी पहचान हो चुकी है और उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।"फिलहाल गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है ताकि हमले के पीछे की वजह और घटना में बाकी लोगों की भूमिका स्पष्ट की जा सके।

# देहरादून लिटरेचर फेस्टिवल में पुस्तक लीडिंग लेडीज का विमोचन

समर न्यूज़ | देहरादून




देहरादून लिटरेचर फेस्टिवल में पुस्तक "लीडिंग लेडीज" का हुआ विमोचन, मुख्यमंत्री बोले - राज्य की महिलाएं हर कठिनाई में निभाती हैं अपनी जिम्मेदारी देहरादून में चल रहे लिटरेचर फेस्टिवल के दूसरे दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपनी पत्नी गीता धामी के साथ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लेखिका वेणु आग्रहरी ढींगरा की पुस्तक "लीडिंग लेडीज" का विमोचन किया।

कार्यक्रम में सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड की महिलाएं वास्तव में संघर्ष और आत्मनिर्भरता की मिसाल हैं। वे न केवल अपने परिवार की जिम्मेदारियां संभालती हैं, बल्कि कठिन पहाड़ी परिस्थितियों में भी विकास की दिशा तय करती हैं।मुख्यमंत्री ने अपनी मां के संघर्ष की याद करते हुए कहा कि राज्य की महिलाओं की कहानी दुनिया के सामने आनी चाहिए। उन्होंने लेखिका को उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में जाकर अगली पुस्तक के लिए प्रेरणा लेने का सुझाव भी दिया।सीएम धामी ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्पण और कार्यशैली से निरंतर प्रेरणा मिलती है।

मोदी जी ने कहा था कि "अगला दशक उत्तराखंड का होगा," और यह राज्य के उज्जवल भविष्य की दिशा में बढ़ते कदमों का प्रमाण है।बिहार चुनाव का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जनता विकास को प्राथमिकता देती है, परिवारवाद और भ्रष्टाचार को नहीं।

उन्होंने यह भी जोड़ा कि राजनीति में ईमानदारी और जनसेवा ही सब कुछ है।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। विदेशों में रहने वाले उत्तराखंडियों के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर, उनकी जड़ों से जुड़ाव बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। अंत में उन्होंने कहा कि हर राजनेता को सरल, संवेदनशील और दृढ़ होना चाहिए। वे चाहते हैं कि उत्तराखंड की सभी बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ें, नेतृत्व करें और समाज के लिए नई मिसाल पेश करें।

# 50 लाख रुपये की फिरौती न मिलने पर इमीग्रेशन सेंटर पर फायरिंग

समर न्यूज़ | तरनतारन

फिरौती न देने पर इमीग्रेशन सेंटर पर फायरिंग 50 लाख रुपये की फिरौती न देने के चलते इमीग्रेशन सेंटर पर दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। हालांकि इस फायरिंग में किसी के घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन सेंटर की इमारत पर गोलियां चलाने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, फोकल प्वाइंट के पास बस स्टैंड तरन तारन में स्थित फाइव स्टार इमीग्रेशन सेंटर के मालिक परमिंदर सिंह, पुत्र हरजिंदर सिंह, निवासी गांव भरोवाल, जिला तर्न तारन, ने कुछ महीने पहले पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्हें एक विदेशी नंबर से कॉल कर 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी। कॉल करने वाला व्यक्ति खुद को गैंगस्टर जैसल चंबल का भाई बता रहा था। इस संबंध में एसएसपी को लिखित शिकायत भी दी गई थी, जिसकी जांच सीआईए स्टाफ और थाना श्री गोइंदवाल साहिब की पुलिस द्वारा की जा रही है। बताया गया कि दो मोटरसाइकिल सवार नकाबपोश हमलावर इमीग्रेशन सेंटर के बाहर पहुंचे और आसपास के लोगों से मालिक की मौजूदगी के बारे में पूछताछ की। इसके बाद उन्होंने दूसरी मंजिल पर स्थित इमीग्रेशन सेंटर को निशाना बनाकर दो राउंड फायरिंग की और फिर मौके से फरार हो गए। इस घटना की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

# 113 नशा तस्कर गिरफ्तार, 3.1 किलोग्राम हेरोइन, अन्य नशीले पदार्थ बरामद

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में पंजाब पुलिस ने राज्य से नशों के खात्मे के लिए शुरू की गई मुहिम "युद्ध नशों विरुद्ध" के 259वें दिन भी ऑपरेशन जारी रखा और प्रदेश के विभिन्न जिलों में 348 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान 86 एफआईआर दर्ज की गईं और 113 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इन छापेमारी में 3.1 किलोग्राम हेरोइन, 1.5 किलोग्राम अफीम, 24 किलोग्राम भुक्की, 84,304 नशीली गोलियां और 45,570 रुपये ड्रग मनी के रूप में जब्त की गई। इस अभियान की शुरुआत से अब तक गिरफ्तार तस्करों की कुल संख्या 36,754 पहुंच चुकी है, जो राज्य स्तर पर नशे के जाल को तोड़ने की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। पुलिस विभाग के 1000 से अधिक कर्मियों और 120 से अधिक समर्पित टीमों ने 71 वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न किया। पुलिस टीमों ने 366 संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी भी ली।राज्य सरकार इस अभियान को तीन मुख्य चरणों में चला रही है — प्रवर्तन , डी-एडिक्शन और प्रीवेंशन प्रवर्तन के माध्यम से तस्करों पर कड़ी कार्रवाई, डी-एडिक्शन के तहत नशा छोड़ने में सहायता और प्रीवेंशन के ज़रिए युवाओं को नशे से दूर रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी पहल के तहत आज 40 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार के लिए तैयार किया गया।

# तरनतारन एसएसपी निलंबन मामले में स्पेशल डीजीपी ने चुनाव आयोग को सौंपी रिपोर्ट

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

तरनतारन की निलंबित एसएसपी रवजोत कौर ग्रेवाल से जुड़े मामले में जांच कर रहे एडीजीपी राम सिंह ने अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में मुख्य चुनाव अधिकारी के माध्यम से चुनाव आयोग को सौंप दी। रिपोर्ट में रवजोत कौर द्वारा शिरोमणि अकाली दल के कार्यकर्ताओं पर दर्ज की गई एफआईआर को "उचित कार्रवाई" बताया गया है। गौरतलब है कि अकाली कार्यकर्ताओं पर मामलों के दर्ज होने के बाद चुनाव आयोग ने 8 नवंबर को रवजोत कौर को निलंबित कर दिया था। यह कार्रवाई ओडिशा कैडर की आईपीएस अधिकारी शाइनी एस द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के आधार पर की गई थी, जिसमें एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया और गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाए गए थे। तरनतारन, अमृतसर, मोगा और बटाला में अकाली कार्यकर्ताओं के खिलाफ कुल 9 एफआईआर दर्ज की गई थीं। इसके बाद शिरोमणि अकाली दल ने चुनाव आयोग के समक्ष अपने कार्यकर्ताओं को निशाना बनाए जाने की शिकायत दर्ज करवाई थी।

निलंबन से पहले आयोग ने राज्य पुलिस नोडल अधिकारी के जरिए फिरोजपुर रेंज के डीआईजी से विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा था। डीआईजी ने अपनी रिपोर्ट में पूर्व एसएसपी रवजोत कौर को किसी भी अनियमितता से मुक्त करते हुए बताया था कि दर्ज की गई गिरफ्तारियां चल रही जांच प्रक्रिया का हिस्सा थीं।

इसके बावजूद, आयोग ने आब्जर्वर की रिपोर्ट को आधार बनाते हुए एसएसपी को निलंबित किया था और पूरे प्रकरण की जांच एडीजीपी रैंक के अधिकारी को सौंपने के निर्देश जारी किए थे।

# लुधियाना में 103 किलो गांजा बरामद

समर न्यूज़ | लुधियाना



विशेष खुफिया सूचना पर बड़ी कार्रवाई लुधियाना, राजस्व खुफिया निदेशालय की लुधियाना क्षेत्रीय इकाई ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 103 किलो गांजा बरामद किया है। तस्करी का यह माल एक विशेष रूप से तैयार किए गए गुप्त कक्ष वाले वाहन में छिपाकर ले जाया जा रहा था। कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। सूत्रों से मिली खास जानकारी पर डीआरआई अधिकारियों ने साहनेवाल स्थित आईसीडी जीआरएफएल के पास एक संदिग्ध वाहन की निगरानी की और उसे रोक लिया। वाहन की गहन तलाशी के दौरान 74 पैकेट बरामद हुए, जिन्हें खाकी रंग की प्लास्टिक टेप से लपेटा गया था। सभी पैकेटों में गांजा मिला, जिसे वाहन के फर्श के नीचे बनाए गए नकली कम्पार्टमेंट में छिपाया गया था। तस्करों ने ऐसा नकली फर्श तैयार किया था, जो वाहन की मूल संरचना जैसा ही दिखता था, जिससे गुप्त स्थान का पता लगाना बेहद मुश्किल हो जाता है। जांच में सामने आया कि बरामद नशीले पदार्थों का कुल वजन 103 किलोग्राम है, जिसकी अवैध बाजार कीमत करीब 31 लाख रुपये आंकी गई है। डीआरआई ने वाहन और नशीला पदार्थ जब्त कर लिया है। वाहन में मौजूद दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों को एनडीपीएस एक्ट, 1985 के तहत हिरासत में लेकर आगे की पूछताछ जारी है। राजस्व खुफिया निदेशालय भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अंतर्गत सीबीआईसी की प्रमुख एंटी-स्मगलिंग एजेंसी है, जो मादक द्रव्यों, वन्यजीवों और संवेदनशील वस्तुओं की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ-साथ वाणिज्यिक धोखाधड़ी व कस्टम टैक्स चोरी को रोकने में अहम भूमिका निभाती है।

# आशीर्वाद योजना का अहम फैसला, समय-सीमा 30 दिन से बढ़ाकर 60 दिन : डॉ. बलजीत कौर

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



पंजाब सरकार ने सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक मामलों के विभाग के अंतर्गत आने वाली आशीर्वाद योजना के लाभार्थियों को राहत देने के उद्देश्य से एक बड़ा फैसला किया है। सरकार ने इस योजना के तहत आवेदन करने की अवधि को 30 दिन से बढ़ाकर 60 दिन कर दिया है। यह निर्णय सीधे तौर पर उन परिवारों को बड़ी राहत प्रदान करेगा, जो विवाह की व्यस्तताओं या दस्तावेज़ी औपचारिकताओं के कारण पहले निर्धारित समय-सीमा में आवेदन नहीं कर पाते थे। सामाजिक न्याय मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि पंजाब सरकार की यह पहल जन-सेवा और संवेदनशील शासन प्रणाली की मिसाल है। सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि तकनीकी सुधार और पारदर्शी प्रणाली के माध्यम से सरकार सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को अधिक प्रभावशाली और जन-सुलभ बना रही है। उन्होंने बताया कि अक्सर विवाह की तैयारियों के दौरान परिवारों का ध्यान औपचारिकताओं से अधिक परंपरागत रस्मों और व्यवस्थाओं पर केंद्रित रहता है। ऐसे में पहले 30 दिन की समय-सीमा कई बार उनके लिए चुनौती साबित होती थी, लेकिन नई 60 दिन की सीमा के कारण अब उन्हें दस्तावेज़ी प्रक्रिया पूरी करने और समय पर आवेदन करने के लिए पर्याप्त अवसर मिल जाएगा। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि आशीर्वाद योजना का मूल उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों की बेटियों के विवाह हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करना है, ताकि उनकी शादी एक सम्मानजनक तरीके से संपन्न हो सके। यह योजना न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करती है, बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा की दिशा में सरकार की दीर्घकालिक दृष्टि को आगे बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार "मानव-केन्द्रित शासन" की दिशा में काम कर रही है, जो हर नागरिक की जरूरतों को प्राथमिकता देता है।

# धार्मिक स्थल के समीप अतिक्रमण पर , ईदगाह क्षेत्र में शुरू की हदबंदी

## अवैध कब्जे की सूचना पर प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची

समर न्यूज़ | रुद्रपुर



रुद्रपुर में एक धार्मिक स्थल के पास सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत मिलते ही प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। टीम ने मौके पर पहुंचकर माप-तौल शुरू की और चेतावनी जारी की कि किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या अतिक्रमण नहीं चलेगा। शहर के खेड़ा क्षेत्र स्थित ईदगाह के पास कुछ लोगों द्वारा तालाब की जमीन को पाटकर कब्जा करने की सूचना जिलाधिकारी कार्यालय को मिली थी। सूचना मिलते ही अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, नगर आयुक्त और पुलिस फोर्स सहित प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा।अधिकारियों ने क्षेत्र का निरीक्षण किया और ईदगाह से जुड़े प्रतिनिधियों को बुलाकर स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकारी अथवा धार्मिक भूमि की सीमाओं से बाहर कोई भी निर्माण या कब्जा न किया जाए। इस दौरान राजस्व विभाग ने नपाई कर हदबंदी की प्रक्रिया शुरू की ताकि भूमि की वास्तविक सीमाएं स्पष्ट हो सकें।

प्रशासन ने कहा कि धार्मिक स्थलों के आसपास की सरकारी संपत्ति को लेकर किसी भी प्रकार की मनमानी सहन नहीं की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने चेताया कि यदि कोई भी व्यक्ति भूमि अधिग्रहण या कब्जे की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ प्रशासनिक और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके की पूरी वीडियोग्राफी भी कराई गई ताकि किसी भ्रम या विवाद की गुंजाइश न रहे।

प्रशासन की इस सख्ती से स्थानीय स्तर पर यह संदेश गया कि सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व सीमांकन को लेकर शासन गंभीर है। यह कदम अतिक्रमण रोकने और विवादों से बचने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

**प्रशिक्षण** | शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने 72 अध्यापकों के तीसरे बैच को किया रवाना

# पंजाब के अध्यापक विश्व-स्तरीय शिक्षण प्रशिक्षण के लिए फिनलैंड रवाना

समर न्यूज़ | चंडीगढ़









शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने और अंतरराष्ट्रीय मानकों को अपनाने के लिए पंजाब सरकार ने अपने शिक्षक विकास कार्यक्रम को एक नए चरण में आगे बढ़ाया है। शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने आज 72 प्राथमिक अध्यापकों के तीसरे बैच को फिनलैंड की टुरकू यूनिवर्सिटी में 15 दिन के विशेष प्रशिक्षण हेतु रवाना किया।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम "फिनलैंड मॉडल ऑफ एजुकेशन" के अंतर्गत आयोजित किया जाता है, जो विश्वभर में सहयोगात्मक, नवाचारी और अनुभवपरक शिक्षा पद्धति के लिए प्रसिद्ध है। इस बैच में ब्लॉक प्राइमरी एजुकेशन ऑफिसर, सेंटर हेड टीचर, हेड टीचर और ईटीटी शिक्षक शामिल हैं। हरजोत बैंस ने कहा कि यह केवल प्रशिक्षण नहीं बल्कि पंजाब के भविष्य को नया स्वरूप देने की दिशा में एक बड़ा मिशन है। इस कदम के बाद फिनलैंड में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अध्यापकों की कुल संख्या 216 हो जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि 50 मुख्य अध्यापकों का पाँचवाँ बैच 15 से 19 दिसंबर 2025 तक भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद में नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होगा। पंजाब सरकार अब तक 234 प्रिंसिपलों और शैक्षणिक अधिकारियों को सिंगापुर में और 199 हेडमास्टर्स को आईआईएम अहमदाबाद में प्रशिक्षित करा चुकी है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापक मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य करेंगे और यह ज्ञान अपने जिलों में अन्य शिक्षकों तक पहुंचाएंगे, जिससे राज्य के हर क्लासरूम में सकारात्मक परिवर्तन महसूस होगा।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य की शिक्षा नीति को पूरी तरह 'गुणवत्तापरक' दिशा में रूपांतरित करने का लक्ष्य रखा गया है। फिनलैंड और आईआईएम जैसे देशों और संस्थानों से साझेदारी उसी विजन का हिस्सा है। इस अवसर पर शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव अनिंदता मित्रा, डायरेक्टर एससीआरटी किरण शर्मा और कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

दा SUMMER न्यूज़

# समर प्राइम 3


www.summerexpress.in

16 नवंबर 2025

समर एक्सप्रेस

## मैं बोलूंगा तो...

# जिले-इलाही के नए फ़रमानः सरपंचो, आपके तो वीज़े ही ज़ब्त!



समर न्यूज | मोहाली

जिले-इलाही साहब का नया फरमान आया है—
अब कोई भी सरपंच बिना "ऊपर से मंज़ूरी" और बिना एक्स-लीव लिए विदेश नहीं जा सकेगा।
बात खत्म। सरपंचों के सपने वहीं से शुरू, वहीं पर खत्म।
अब सोचिए, ये कौन सी छुपी दुश्मनी निकाल ली भाई?
सरपंचों की तो आधी सभा ही इसलिए बनती है
कि हर छह महीने बाद कनाडा–अमेरिका जाकर
"फेसबुक पर 'ओए लाडलो मलबे की कुछ यादें' जैसी फोटो डालनी है।" लेकिन फ़रमान ऐसा आया
जैसे सरपंच नहीं,
घर से भागने वाले नौंवी क्लास के बच्चे हों— "मम्मी की परमिशन और छुट्टी का नोट लानी पड़ेगी!"
अब बेचारे कांग्रेस–भाजपा–आज-तक-जो-भी-पार्टी-वाले सरपंच,
उनकी तो एक्स-लीव क्या,
वाई-लीव भी मंज़ूर होने के लायक नहीं छोड़ी गई! उधर से कह रहे— "हम तो घड़े का ढक्कन भी नहीं हमें तो हवा लगते ही विदेश की टिकट बुक हो जाती है!"
और ऊपर वाले जिले-इलाही भी बड़े समझदार— उन्हें पता है
98 फ़ीसदी सरपंचों के बच्चे विदेश में हैं और वही असली मंतर है— सरपंच खुद गाँव में,
उनके वारिस Instagram पर "Back to Canada"।
अब सरपंच बेचारे क्या करें?
डीसी दफ़्तर के चक्कर?
या दुआ करें कि कोई विधायक उन्हें ख़ैरात में छुट्टी लिख दे?
क्योंकि विधायक–सांसद तो एसी में बैठकर
एक बटन में एयरपोर्ट पहुँच सकते हैं— उन्हें न छुट्टी चाहिए, न मंज़ूरी। वो उधर से ही फोटो भेज देतेः "काम कर रहे हैं, जनता के बीच।" इधर सरपंच
तरस खा लो भाई!
काम कम,
वीज़ा–टेंशन ज़्यादा।
अब लोग कह रहे—
"सरपंचो का जमाना गया!
जिले-इलाही ने तो सच में वीज़ा का ब्रेक लगा दिया।"
और सोशल मीडिया पर मीम चल रहे हैं— 'गुलाब सिद्धू स्टाइल घेराव' यानी सरपंचों का नया आंदोलनः "हमें मंज़ूरी दो नहीं तो हमसे डीपी अपडेट नहीं होगी!"
अब हाल ऐसा है कि
सरपंच सोच रहे हैं—
"पंचायत के काम बाद में
पहले ये बताओ—
वीज़ा जाने कैसे मिलेगा?
क्योंकि भाई ये तो धक्का ही धक्का है!"

#MainBolungaTo
#SummerExpress
#SummerNews
#SarpanchVisaStop
#ForeignTripCancel
#DCOfficeRounds
#VisaWaleSarpanch
#CanadaStories
#PassportPradhan
#VillageToVancouver

## Good DAY

समर न्यूज | मोहाली



प्रिय शहरवासियों, नए दिन की ताजगी और उम्मीदों के साथ हम सभी एक बार फिर अपने शहर को और बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़ते हैं। शहर केवल इमारतों, सड़कों और बाजारों का समूह नहीं होता यह उन लोगों की सोच, मेहनत, उम्मीदों और सपनों से बनता है जो इसमें रहते हैं। आप सभी की सहभागिता ही इस शहर की असली पहचान है। नगर निगम की ओर से हमारा प्रयास है कि हर नागरिक को स्वच्छ वातावरण, सुचारू ट्रैफिक, सुरक्षित सार्वजनिक स्थान, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और मजबूत बुनियादी ढांचा मिल सके। इन सभी क्षेत्रों में लगातार सुधार और विकास के लिए हम योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहे हैं, लेकिन किसी भी पहल की असली सफलता तभी संभव है जब जनता और प्रशासन एक साथ खड़े हों। आपके सुझाव, आपकी जागरूकता और शहर के प्रति आपका सहयोग हमारे लिए बेहद मूल्यवान है। यदि हर नागरिक सफाई अभियान में योगदान दे, ट्रैफिक नियमों का पालन करे, पानी और बिजली की बचत को अपनी आदत बनाए और पर्यावरण संरक्षण को अपनी रोज़मर्रा की जिम्मेदारी समझे तो हमारा शहर न सिर्फ और सुंदर बनेगा, बल्कि रहने योग्य शहरों की सूची में भी अग्रणी होगा। आइए, हम सभी छोटे-छोटे प्रयासों को मिलाकर बड़ा बदलाव लाने की दिशा में कदम बढ़ाएं। शहर हमारा है, और इसे बेहतर बनाना भी हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। आपका यह दिन खुशियों, शांति और नई उपलब्धियों से भरा रहे।

— **कुलजीत सिंह बेदी उप महापौर**

### मुख्यमंत्री में एक अलग तरह का इन्फीरियर कॉम्प्लेक्स है, जो भी उनके सामने अपना विजन रखता है उससे असुरक्षित महसूस करते हैं

# धर्मशाला में छोटे-मोटे प्रोजेक्ट देकर मरहम लगाने की कोशिश, प्रदेश में जैसा विकास होना चाहिए था वैसा नहीं हुआ : सुधीर शर्मा

समर न्यूज | चंडीगढ़



**2022 के चुनाव में मैंने कांग्रेस को सत्ता में लाने के लिए पूरी मेहनत की, लेकिन सरकार बनने के बाद जिस प्रकार काम होना चाहिए था, वैसा नहीं हुआ। वह चाहते थे कि उनके क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हों और हर जनप्रतिनिधि को सम्मान मिले चाहे वह विधायक हो या न हो। ये कहना है 2024 में धर्मशाला से उपचुनाव जीतने वाले भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा का। उन्होंने समर न्यूज चैनल पर मोहित प्रेम शर्मा के साथ बातचीत की। पेश है इंटरव्यू की बातचीत के मुख्य अंश।**

उन्होंने कहा कि धर्मशाला में एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंच पर मेरा हाथ झटक दिया। यह वीडियो भी काफी वायरल हुआ। वहीं, मेरी बहन जो डॉक्टर है उसकी ट्रांसफर के बाद छह महीने तक वेतन रोक दिया गया। मुख्यमंत्री में एक अलग तरह का इन्फीरियर कॉम्प्लेक्स है। जो भी उनके सामने अपना विजन रखता है, उनसे बेहतर काम की सोचता है, वे असुरक्षित महसूस करते हैं। सुधीर शर्मा ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से प्रभावित थे। परिवार से चर्चा के बाद पार्टी बदलने का फैसला लिया। उनमें से अधिकांश के साथ भी वही व्यवहार हुआ। यही वजह है कि यह आंकड़ा यहां तक पहुंचा। और भी बढ़ सकता था, सरकार तक गिर सकती थी। लेकिन राजनीति में परिस्थितियां बदलती रहती हैं। कुछ लोग कंफ्यूज थे और पीछे हट गए, पर जिन्होंने निर्णय लिया वे पक्के मन से आगे आए।

उन्होंने कहा कि भाजपा अनुशासित पार्टी है। धर्मशाला में

## ▪ भाजपा अनुशासित पार्टी है

उनकी कार्यशैली हमेशा से निष्पक्ष रही है। उन्होंने कभी किसी के काम में भेदभाव नहीं किया। शायद इसी कारण कार्यकर्ताओं ने विरोध की जगह साथ दिया। उपचुनाव में वह पहले से अधिक मतों से जीते। हॉर्स-ट्रेडिंग के आरोपों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले में न ही एफआईआर दर्ज होती है, न जांच। बिना किसी प्रक्रिया के किसी निर्वाचित प्रतिनिधि पर इस प्रकार का आरोप लगाना स्वाभाविक रूप से गुस्सा दिलाता है। इसलिए उन्होंने पुलिस अधिकारी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया।

**▪ धर्मशाला को शिमला जैसा बनाने की होनी चाहिये कोशिश...**

धर्मशाला में सेंट्रल यूनिवर्सिटी तक का काम नहीं हुआ और छोटे-मोटे प्रोजेक्ट देकर मरहम लगाने की कोशिश की जा रही है। धर्मशाला एक शहर है, इसे शिमला जैसा बनाने की कोशिश होनी चाहिए। सिर्फ कार्यालय शिफ्ट करने से विकास नहीं होता। व्यवस्था परिवर्तन का नारा व्यवस्था-पतन में बदल गया। किसी के पास वित्तीय प्रबंधन की स्पष्ट योजना नहीं। रोजगार के अवसर नहीं बढ़ाए गए। सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। उन्होंने कहा कि पद मेरे लिए मायने नहीं रखता। असली मायने काम के हैं। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य क्षेत्र में विकास हो और राज्य में सरकार बदले।

**▪ पिता की तरह बन पाना मुश्किल...**

भाजपा अनुशासित पार्टी है। अलग-अलग इच्छाएं हो सकती हैं, लेकिन इसे गुटबाजी नहीं कहा जा सकता। हम नए लोग हैं हममें तो बिल्कुल भी गुटबाजी नहीं है। उन्होंने बताया कि उनके पिता नहीं चाहते थे कि वह राजनीति में जाएं। पिता के काम करने का तरीका प्रेरणादायक था। उस समय मोबाइल नहीं थे, वे खुद हाथ से चिट्ठियां लिखकर लोगों तक संदेश पहुंचाते थे। अपनी दिनचर्या खुद संभालते थे। उनकी तरह बन पाना मुश्किल है।

**इस इंटरव्यू को देखने के लिए इस QR कोड को स्कैन करें।**

### ▪ विकास और सुशासन की विजय

# बिहार ने जाति की राजनीति को ठुकरायाः पीएम मोदी



समर न्यूज़ | सूरत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए विपक्ष पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने NDA और उसके सहयोगी दलों को भरपूर समर्थन दिया है, जिसका प्रमाण है कि गठबंधन के प्रभाव वाले क्षेत्रों की 38 में से 34 सीटों पर NDA की जीत हुई है।

पीएम मोदी ने विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि "देश ने इस MMC मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस को पूरी तरह अस्वीकार कर दिया है।" उनका कहना था कि कांग्रेस के भीतर भी जो राष्ट्रवादी लोग थे, जिन्होंने कभी इंदिरा और राजीव गांधी के साथ काम किया, वे अब नामदार नेतृत्व के साथ चलना नहीं चाहते।

उन्होंने बिहार की पूर्व सरकारों पर हमला बोलते हुए कहा कि वहां "जमानती नेता वक्फ कानून को फाड़ देते थे" और सार्वजनिक कार्यक्रमों में गैरकानूनी तरीके से जमीन कब्जा कर वक्फ घोषित कर दिया जाता था। उन्होंने दावा किया कि बिहार के लोगों ने ऐसे "सांप्रदायिक जहर" को विकास की राह चुनते हुए खारिज कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार में हार का सामना करने वाले नेताओं को सदमे से उबरने में महीनों लगेंगे, क्योंकि उनकी राजनीति जातिवाद और घृणा फैलाने पर आधारित रही है, जिसे जनता ने अब पूरी तरह नकार दिया है।

गुजरात दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी ने कहा कि वे देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के घर जाकर श्रद्धा प्रकट की। उन्होंने कांग्रेस पर आदिवासी समाज की उपेक्षा करने का आरोप लगाया और कहा कि दशकों तक कांग्रेस शासन में आदिवासी क्षेत्रों में कुपोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव रहा। इससे पहले प्रधानमंत्री ने सूरत में मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का जायजा लिया और नर्मदा जिले के डेडियापाडा में देवमोगरा मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की।

# अमेरिका में बढ़ी महंगाई, ट्रंप ने टैरिफ पर लिया यू-टर्न

### ▪ भारत को होगा बड़ा फायदा

एजेंसी | न्यूयॉर्क

आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों से नाराज अमेरिकी उपभोक्ताओं के दबाव के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर बड़ा पलटवार करते हुए कई खाद्य वस्तुओं पर लगाए गए ऊंचे टैरिफ में कटौती कर दी है। ट्रंप ने एक नए कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर काफी, टमाटर, केला, बीफ सहित 200 से अधिक खाद्य उत्पादों को भारी शुल्कों से आंशिक छूट प्रदान की है। विशेषज्ञों के अनुसार, खाद्य आयात पर टैरिफ कम करने के इस कदम से भारत के आम, अनार और चाय जैसे उत्पादों के अमेरिकी बाजार में और अधिक पहुंच बढ़ने की संभावना है। इससे पहले ट्रंप प्रशासन ने जेनेरिक दवाओं पर भी शुल्क हटाया था, जिसका सीधा लाभ भारत को मिला, क्योंकि भारत अमेरिका को लगभग 47% जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करता है।

**टैरिफ पूरी तरह समाप्त नहीं**

नया आदेश इन वस्तुओं को पारस्परिक शुल्क प्रणाली से बाहर करता है, जिसके तहत 10% से 50% के बीच टैरिफ लगाया जाता था। हालांकि टैरिफ पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है।

उदाहरण के तौर पर, मेक्सिको से आयातित टमाटर पर अभी भी 17% शुल्क लागू रहेगा। यह दर जुलाई से लागू है और इसी के बाद अमेरिका में टमाटर की कीमतों में तेज़ उछाल देखा गया था। व्हाइट हाउस ने बताया कि उष्णकटिबंधीय फल, जूस, चाय, मसाले, काफी, संतरे और बीफ उन उत्पादों में शामिल हैं जिन्हें नए आदेश के तहत राहत मिलेगी।


**भारत को बड़ा लाभ**

जेनेरिक दवाओं पर शुल्क हटाने और अब खाद्य उत्पादों पर टैरिफ में राहत से भारत के निर्यात को गति मिलेगी। ट्रंप का यह फैसला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वे लगातार यह दावा करते आए थे कि उनके द्वारा लगाए गए आयात टैरिफ से महंगाई नहीं बढ़ रही।

हालांकि, पिछले हफ्ते हुए चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन और प्रमुख राज्यों में महंगाई को लेकर जनता की नाराजगी ने ट्रंप प्रशासन को अपनी नीति में बदलाव के लिए मजबूर किया है। अमेरिका अब अर्जेंटीना, इक्वाडोर, ग्वाटेमाला और एल सल्वाडोर के साथ नए व्यापार समझौते भी तैयार कर रहा है, जिनके लागू होने पर इन देशों से कई वस्तुओं पर टैरिफ पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। अमेरिकी उपभोक्ताओं द्वारा रोजमर्रा में खरीदे जाने वाले लगभग 200 उत्पादों जैसे संतरा, लाल शिमला मिर्च, कोको, कृषि रसायन और उर्वरक की कीमतों में भारी बढ़ोतरी को देखते हुए यह कदम महंगाई पर नियंत्रण के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने सूरत में मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का जायजा लिया और नर्मदा जिले के डेडियापाडा में देवमोगरा मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की।

# ननकाना साहिब दर्शन करने गई सरदारनी ने पाक में किया निकाह

### ▪ कपूरथला की 52 वर्षीय सरबजीत कौर के इस्लाम कबूल करने का दावा




समर न्यूज़ | कपूरथला

गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में पाकिस्तान गई सिख श्रद्धालुओं की संगत का हिस्सा बनी पंजाब की सरबजीत कौर ननकाना साहिब के दर्शन दौरान कथित तौर पर लापता हो गई है। इस बीच पाकिस्तान से आ रही ताजा रिपोर्टों में दावा किया जा रहा है कि सरबजीत कौर ने इस्लाम धर्म अपना लिया है और अपना नाम बदलकर नूर हुसैन रख लिया है। इतना ही नहीं, एक निकाहनामा भी वायरल है, जिसे शेखूपुरा की एक मस्जिद द्वारा जारी किया गया बताया जा रहा है।

भारत वापसी से पहले श्री अकाल तख़्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज, अन्य सदस्य और तीन महिलाएं जिनके घरों में बीमार परिजन थे पहले ही लौट आए थे। लेकिन सरबजीत कौर की अनुपस्थिति ने शक और बढ़ा दिया।

**▪ 1,900 श्रद्धालुओं के जथे के साथ गई थी पाकिस्तान...**

52 वर्षीय सरबजीत कौर, जो कपूरथला की रहने वाली है, 4 नवंबर को 1,900 से अधिक सिख श्रद्धालुओं के साथ वाघा-अटारी बॉर्डर होते हुए पाकिस्तान गई थी। 10 दिन के इस धार्मिक दौरे के बाद जब जत्था 13 नवंबर को वापस भारत लौट आया, तो सरबजीत उनके साथ नहीं लौटी। कथित वायरल उर्दू निकाहनामा में दावा है कि सरबजीत कौर ने इस्लाम स्वीकार करने के बाद शेखूपुरा के रहने वाले नासिर हुसैन से विवाह कर लिया है। यह स्थान लाहौर से लगभग 56 किलोमीटर दूर है।

**▪ पाकिस्तानी अधिकारियों के माध्यम से सामने आया निकाह का खुलासा...** सूत्रों के मुताबिक, भारतीय एजेंसियों द्वारा पाकिस्तानी अधिकारियों से संपर्क के बाद पता चला कि सरबजीत कौर ने पाकिस्तान में इस्लाम कबूल कर लिया है और अपने नए नाम नूर हुसैन के साथ निकाह कर लिया है। उसकी पहचान पुष्टि करने वाले दस्तावेज़ भी सामने आए हैं, हालांकि उनकी आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है। पाकिस्तान रवाना होने से पहले सरबजीत कौर अमानिपुर में अपने पति करनैल सिंह के घर रह रही थी, जो पिछले करीब तीन दशकों से इंग्लैंड में रह रहे हैं। सरबजीत का तलाक हो चुका है और उसके पहले विवाह से दो बेटे हैं। इस बीच कपूरथला पुलिस ने पुष्टि की है कि सरबजीत कौर के खिलाफ कुल तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं, दो कपूरथला सिटी में और एक बठिंडा के कोट फत्ता में। ये मामले मुख्य रूप से धोखाधड़ी से जुड़े हैं। पुलिस ने बताया कि इन मामलों और उसके रिकॉर्ड की दोबारा जांच की जा रही है। **▪ यात्रा दस्तावेजों पर भी सवाल...**

स्थानीय सूत्रों ने खुलासा किया है कि उसके यात्रा दस्तावेजों में भी विसंगतियां हैं। उसके पासपोर्ट में पति की जगह पिता का नाम दर्ज है, और पता मलोट (जिला मुक्तसर) का है। जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तान में प्रवेश के दौरान उसने इमिग्रेशन फॉर्म पर न तो नागरिकता संबंधी जानकारी और न ही पासपोर्ट नंबर भरा। तलवंडी चौधरीयां के एसएचओ निर्मल सिंह ने बताया कि "सरबजीत कौर ननकाना साहिब मत्था टेकने गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। उन्होंने साथ ही बताया कि उसके खिलाफ दर्ज मामलों में अदालत की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन उसके दो बेटों लवजोत सिंह और नवजोत सिंह पर कपूरथला, सुल्तानपुर लोधी और कबीरपुर में कुल 10 मामले दर्ज हैं। दोनों कई मामलों में ज़मानत पर बाहर बताए जा रहे हैं। जांच जारी होने के कारन अमानिपुर गांव के लोग इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं।

**▪ भारतीय एजेंसियों ने शुरू की विस्तृत जांच...**

मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने जांच तेज कर दी है। भारतीय दूतावास के माध्यम से पाकिस्तान में मौजूद अधिकारियों से संपर्क कर पूरी जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल, सरबजीत कौर के इस कदम से उसका परिवार, गांव और प्रशासन सभी हैरान हैं। जांच जारी है और आगे की जानकारी जल्द सामने आ सकती है।

**पेज 3 एंकर स्टोरी** — पार्षदों ने कोतवाली में शिकायत दर्ज करवाई, पंकज पप्पू ने आरोपों को किया खारिज

# नगर परिषद प्रधान के पति पर सोफे चोरी का आरोप

समर न्यूज़ | नाभा



नाभा नगर परिषद की प्रधान सुजाता चावला के पति पंकज पप्पू एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। पंकज पर पहले ही किसान मोर्चे से ट्रॉलियां चुराने के आरोपों में दो केस दर्ज हैं, और अब उन पर नगर परिषद के सोफे चोरी कर अपने दफ्तर में लगाने का नया आरोप लगा है।

सूत्रों के अनुसार, कुछ नगर पार्षदों ने पंकज पप्पू के खिलाफ नाभा कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने नगर परिषद के स्टोर से सोफे निकालकर अपनी दुकान में बने नए दफ्तर में लगा दिए।

दो दिन पहले पंकज पप्पू ने अपने नए दफ्तर की वीडियो फेसबुक पर साझा की थी। वीडियो देखने के बाद दो पूर्व नगर परिषद प्रधान गुरसेवक सिंह और गुरबख्शीश सिंह भट्टी ने दावा किया कि वीडियो में दिखाई दे रहे सोफे नगर परिषद के हैं। जब वे परिषद दफ्तर पहुंचे तो वहाँ स्टोर से वही सोफे गायब मिले।

दोनों पूर्व प्रधान जब पंकज की दुकान पर पहुँचे तो वहां सोफों पर कपड़ा चढ़ाने का काम चल रहा था। जैसे ही उन्होंने इसकी वीडियो बनानी शुरू की, काम करने वाले मजदूर मौके से चले गए। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर लाइव आकर यह मामला जनता के सामने रखा। आरोप है कि सोशल मीडिया पर मामला सामने आने के कुछ घंटे बाद ही पंकज ने सोफों को रिहड़ी पर लदवाकर अपने पिता की दुकान की ओर भिजवाने की कोशिश की वही दुकान जहां पहले किसानों की ट्रॉलियों का सामान मिलने का दावा किया गया था। लेकिन रास्ते में ही पार्षदों ने रिहड़ी रोक ली और सोफे सीधे कोतवाली ले जाकर शिकायत दर्ज करवा दी। पहले भी ट्रॉली चोरी के आरोप लगने के बाद नगर परिषद प्रधान के त्यागपत्र की मांग उठी थी, लेकिन विधायक ने सुजाता चावला को केवल छुट्टी पर भेजकर मामला शांत किया था। पार्षदों का दावा है कि इसके बावजूद पंकज पप्पू पहले की तरह नगर परिषद दफ्तर में सक्रिय हैं।

इस मामले पर पंकज पप्पू ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें विपक्ष का "गलत प्रचार" बताया है। वहीं, नगर परिषद के कार्यसाधक अधिकारी गुरचरण सिंह का कहना है कि ये सोफे मरम्मत के लिए भेजे गए थे और वह संबंधित दुकानदार से इसकी जांच करेंगे। नाभा कोतवाली के एसएचओ सरबजीत सिंह चीमा ने बताया कि शिकायत की जांच चल रही है और बनती कार्रवाई की जाएगी।

# अमृतसर देहात के एसएसपी निलंबित

**अमृतसर।** पंजाब सरकार ने अमृतसर देहात के एसएसपी मनिंदर सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिले में लगातार बढ़ रहे अपराधों और गैंगस्टरों के खिलाफ धीमी कार्रवाई के चलते यह कदम उठाया गया है। हाल ही में गैंगस्टरों ने डॉक्टर कुलदीप सिंह की गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। इसके अतिरिक्त कई कारोबारी और डॉक्टरों को रंगदारी वसूली के लिए धमकी भरे फोन आने की शिकायतें भी सामने आई थीं। पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे थे। हालांकि मनिंदर सिंह के निलंबन को लेकर शीर्ष अधिकारियों की ओर से आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं की गई है। इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि राज्य में गैंगस्टरों और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समर एक्सप्रेस


# लिव-इन कपल ने सीनियर की हत्या कर शव मथुरा में फेंका

## मथुरा घुमाने के बहाने घर से बुलाया, कोसी बॉर्डर पर बेरहमी से मारकर फेंका शव

समर न्यूज़ | गुरुग्राम



गुरुग्राम में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जहां एक लिव-इन कपल ने कंपनी के सीनियर कर्मचारी की सुनियोजित तरीके से हत्या कर दी। मृतक को मथुरा घुमाने के बहाने घर से बाहर बुलाया गया और कोसी बॉर्डर पर बेरहमी से मारकर शव फेंक दिया गया। पुलिस ने 40 वर्षीय सोनपाल की हत्या के इस मामले में प्रेमी-प्रेमिका दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

**क्या है पूरा मामला**

मूल रूप से मथुरा के गोविंदपुर सरस्वती कुंड निवासी सोनपाल (40) गुरुग्राम के गांव खोह में किराए पर रहते थे और सेक्टर-5 की एक निजी कंपनी में पिछले 10 साल से काम कर रहे थे। 4 अक्टूबर को वह रोज की तरह कंपनी गए और शाम को मथुरा जाने के लिए निकले, इसके बाद से उनका मोबाइल बंद हो गया। परिवार ने कई जगह तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सोनपाल के बहनोई ने सेक्टर-7 आईएमटी मानेसर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई।

**गुमशुदगी से हत्या तक पहुंची जांच** : तलाश के दौरान पुलिस को कई संदिग्ध सुराग मिले और जांच हत्या की दिशा में मुड़ गई। 13 नवंबर को केस में हत्या की धाराएं जोड़ दी गईं। इसके बाद पुलिस ने तेज कार्रवाई करते हुए लिव-इन कपल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कुशलपाल सिंह उर्फ कौशल (26), निवासी कैमथल, थाना गोंडा, यूपी, भावना (19) निवासी प्रहलादपुर, थाना सोरो, कासगंज, यूपी को गिरफ्तार किया है। दोनों पिछले दो वर्षों से मानेसर सेक्टर-1 में किराए पर लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। पूछताछ में कुशलपाल ने बताया कि मृतक उसका सीनियर था और वह उसकी प्रेमिका भावना से दोस्ती कराने के लिए उस पर दबाव डालता था। इसी रंजिश के चलते दोनों ने मिलकर सोनपाल को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। गुरुग्राम पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को पंचगांव और मानेसर से गिरफ्तार किया गया है। दोनों के खिलाफ हत्या, चोरी और सबूत मिटाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

**ऐसे रची गई खौफनाक साजिश**

जुलाई 2025 में चोरी की गई बाइक का इस्तेमाल किया। 4 अक्टूबर को सोनपाल को मथुरा घुमाने के बहाने अपने साथ ले गए। पंचगांव से केएमपी होते हुए कोसी बॉर्डर (उत्तर प्रदेश) पहुंचे वहां पहले हेलमेट से सिर पर वार किया फिर कुशलपाल ने गर्दन पर 7-8 बार चाकू से हमला किया। इसके बाद शव को वहीं झाड़ियों में फेंककर फरार हो गए। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने कोसी बॉर्डर से शव हत्या में इस्तेमाल चाकू, हेलमेट, चोरी की बाइक, मृतक का आई-कार्ड और बैग बरामद कर लिया।

# कैथल पुलिस निकम्मी है, अपराधियों पर दयालु: अनिल

## मंत्री अनिल विज और एसपी उपासना यादव के बीच कुछ देर बहस भी हुई

समर न्यूज़ | कैथल



परिवहन मंत्री अनिल विज ने कैथल में आयोजित कष्ट निवारण समिति की बैठक में पुलिस कार्यप्रणाली को लेकर कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि कैथल पुलिस निकम्मी है, वह अपराधियों पर दयालु रहती है और हर अपराधी को छोड़ देती है। मंत्री विज ने यह तल्ख टिप्पणी पुलिस की कामकाजी शैली और एफआईआर की धीमी कार्रवाई को लेकर की।

बैठक में मंत्री विज और एसपी उपासना यादव के बीच कुछ देर बहस भी हुई। विज चार घंटे तक जनता की शिकायतें सुनते रहे और पुलिस विभाग बार-बार उनके रडार पर रहा। समिति के अन्य सदस्यों ने भी पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

यह विवाद मुख्य रूप से मनजीत सिंह द्वारा विदेश भेजने के नाम पर ठगी की शिकायत से जुड़ा है। पिछली बैठक में मंत्री विज ने एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे, लेकिन एक माह बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं हुई। इस पर इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ने कहा कि उन्होंने कानून और नियमों के अनुसार कार्रवाई की।

अनिल विज ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि मैंने पिछली बैठक में एफआईआर के आदेश दिए थे, फिर क्यों नहीं की। 35 साल का विधायक हूं, मुझे न सिखाओ। उन्होंने मामले में इंस्पेक्टर को सस्पेंड करने के आदेश भी दिए थे, लेकिन बाद में लोगों की बात मानते हुए एफआईआर की कार्रवाई रोक दी गई। विज ने कहा कि उन्हें गंदे मैसेज भी भेजे गए हैं, जिन्हें सभी को देखना चाहिए।

बैठक में मंत्री ने प्रशासन और पुलिस को चेतावनी दी कि जनता की शिकायतों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए और कानून के दायरे में पूरी कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधियों के प्रति लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। कैथल की इस बैठक ने पुलिस और प्रशासन के कामकाज पर नए सिरे से सवाल खड़े कर दिए हैं और स्थानीय जनता इस मामले में बड़ी उम्मीदें लगाए हुए है कि पुलिस सक्रिय और जवाबदेह बने।

### भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई

# गोहाना तहसीलदार जीवेंद्र को डिमोट कर बनाया नायब तहसीलदार

समर न्यूज़ | सोनीपत

भ्रष्टाचार के मामले में कठोर कार्रवाई करते हुए गोहाना के तहसीलदार जीवेंद्र मलिक को उनके पद से हटाकर नायब तहसीलदार बना दिया है। विभागीय जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बाद यह निर्णय रूल-7 के तहत लिया गया। सरकार ने आदेश जारी कर स्पष्ट कर दिया है कि जीवेंद्र मलिक अब सेवानिवृत्ति तक नायब तहसीलदार के पद पर ही कार्य करेंगे। पटवारी रहते हुए जीवेंद्र मलिक को रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। निचली अदालत ने उन्हें तीन साल की सजा सुनाई थी। यह मामला इस समय हाईकोर्ट में अपील के रूप में लंबित है। इसी प्रकरण को आधार बनाकर विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है।

जीवेंद्र मलिक इससे पहले गुरुग्राम, सोनीपत, खरखौदा और गोहाना जैसे अहम स्थानों पर तैनात रहे हैं। वर्तमान में वह गोहाना के तहसीलदार पद पर नियुक्त थे, लेकिन जानकारी के अनुसार वह काफी समय से लगातार अवकाश पर चल रहे थे और दफ्तर में उपस्थिति नहीं दे रहे थे। बताया जाता है कि उनका पुत्र भी गुरुग्राम में नायब तहसीलदार के पद पर कार्यरत है।

**राजस्व मंत्री का कड़ा संदेश, भ्रष्टाचार नहीं होगा बर्दाश्त**

मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि राज्य सरकार जीरो टॉलरेंस फॉर करप्शन नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। जिन कर्मचारियों पर आरोप साबित होते हैं उन पर कार्रवाई अनिवार्य है। सरकार के इस कदम को प्रशासनिक तंत्र में अनुशासन और पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में बड़ा निर्णय माना जा रहा है।

# स्कूलों में मिड-डे-मील फर्जीवाड़ा उजागर, विभाग करेगा सख्त कार्रवाई

## कई स्कूलों ने बढ़ाई विद्यार्थियों की संख्या, अतिरिक्त राशन हड़पने के आरोप

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



हरियाणा के सरकारी स्कूलों में मिड-डे-मील योजना को लेकर बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आई हैं। कई स्कूल न सिर्फ पोर्टल पर डेटा अपडेट करने में लापरवाही बरत रहे हैं, बल्कि विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाकर अतिरिक्त राशन मंगाने और फिर कमी की झूठी रिपोर्ट भेजने जैसी गड़बड़ियों में भी शामिल पाए गए हैं। शिक्षा निदेशालय ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिम्मेदार अधिकारियों और स्कूल मुखियाओं पर कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

निदेशालय की जांच में पता चला है कि कई स्कूल मिड-डे-मील से जुड़े महत्वपूर्ण आंकड़ों को समय पर एमआईएस पोर्टल पर अपडेट नहीं कर रहे। कई जिलों में तो अक्टूबर महीना बीत जाने के बावजूद मासिक डेटा दर्ज नहीं किया गया। इससे न सिर्फ योजना की पारदर्शिता प्रभावित होती है, बल्कि केंद्र सरकार को भेजे जाने वाले राज्य स्तरीय आंकड़े भी गलत होते हैं। इसके अलावा शिकायतें मिली हैं कि छात्रों की संख्या वास्तविक से अधिक दिखाकर राशन मंगवाया जा रहा है, जबकि रिपोर्ट में राशन की कमी बताई जा रही है जो सीधे-सीधे फर्जीवाड़े की ओर इशारा करता है।

शिक्षा निदेशालय की सख्त चेतावनी मौलिक शिक्षा महानिदेशक ने सभी जिला अधिकारियों और स्कूल मुखियाओं को स्पष्ट निर्देश दिया है कि अब मिड-डे-मील का डेटा हर दिन एमआईएस पोर्टल पर अपडेट करना अनिवार्य होगा।

मासिक रिपोर्ट अब पर्याप्त नहीं मानी जाएगी। निदेशालय ने बताया कि इस मुद्दे पर अब तक बीस से अधिक बार पत्राचार किया गया, लेकिन कई स्कूलों ने निर्देशों को गंभीरता से नहीं लिया है।

फतेहाबाद, हिसार, नूंह और सोनीपत जिलों की स्थिति सबसे अधिक खराब बताई जा रही है।

**अधूरी रिपोर्ट स्वीकार नहीं होगी**

निदेशालय ने जिलों को भेजे पत्र में स्पष्ट कहा है कि अधूरी या गलत रिपोर्टिंग बिल्कुल भी स्वीकार नहीं की जाएगी।

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) योजना के तहत केंद्र सरकार हर महीने की दस तारीख तक पोर्टल पर डेटा अपडेट करने की समयसीमा तय करती है, जिसके बाद पोर्टल बंद हो जाता है। लेकिन कई स्कूलों ने अक्टूबर का डेटा तक दर्ज नहीं किया, जिसे गंभीर लापरवाही माना जा रहा है।

**जवाबदेही तय करने की तैयारी**

डायरेक्टरेट ने साफ किया है कि अब सिर्फ मिड-डे-मील इंचार्ज ही नहीं, बल्कि स्कूल हेड्स की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। लापरवाही या फर्जीवाड़े की पुष्टि होने पर संबंधित अधिकारियों पर निलंबन और विभागीय जांच सहित कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# हाईवे से झुग्गियां हटीं, अचानक कार्रवाई पर भड़का गरीबों का गुस्सा



समर न्यूज़ | यमुनानगर

नगर निगम ने शनिवार को यमुनानगर–जगाधरी स्टेट हाइवे पर सरोजनी कॉलोनी के पास बनी झुग्गियों को हटाने की कार्रवाई की। सड़क किनारे करीब दस वर्षों से रह रहे इन परिवारों का कहना है कि उनके पास रहने के लिए कोई स्थायी मकान नहीं है, ऐसे में अचानक की गई यह कार्रवाई उनके जीवन को संकट में डाल रही है। झुग्गियों में रहने वाली सीमा ने बताया कि जिला प्रशासन पहले भी यहां पहुंचा था और उनके निर्देश पर परिवारों ने अपनी झोपड़ियों लगभग बीस फुट पीछे हटा दी थीं। सीमा ने आरोप लगाया कि आज बिना किसी पूर्व सूचना के झोपड़ियां तोड़ दी गईं और घरेलू सामान भी उठाकर ले जाया गया। हमने अधिकारियों से दो दिन का समय मांगा था ताकि नया ठिकाना ढूंढ सकें, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। परिवारों ने कहा कि एक ओर सरकार गरीबों को आवास देने की बात करती है, जबकि दूसरी ओर प्रशासन उन्हें बेघर कर रहा है। निगम अधिकारियों ने कहा कि झुग्गियां स्टेट हाइवे की जमीन पर अवैध रूप से बनी थीं। कई बार नोटिस जारी किए गए, लेकिन कब्जा नहीं छोड़ा गया। स्वच्छता अभियान और अवैध अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की गई। सड़क किनारे बनी झोपड़ियों के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। निगम का कहना है कि सार्वजनिक सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

# सीएम नायब सिंह सैनी का असर, बिहार में एनडीए विजयी

## अन्य राज्यों की राजनीति में भी प्रभाव डालने की क्षमता रखते हैं, आठ जनसभाएं की सभी सीटों पर एनडीए जीता

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी का चुनावी अभियान प्रभावी साबित हुआ। तीन दिनों के दौरे में सीएम सैनी ने आठ विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाएं कीं और खास बात यह रही कि एनडीए ने इन सभी आठों सीटों पर जीत दर्ज की, जिससे भाजपा खेमे में उत्साह दोगुना हो गया।

नायब सैनी ने 29 अक्टूबर से 9 नवंबर के बीच विभिन्न जिलों में रैलियां कीं। वजीरगंज (गया) भाजपा के बिरेंद्र सिंह ने कांग्रेस उम्मीदवार अवधेश कुमार सिंह को हराया। तरारी (भोजपुर) मुख्यमंत्री ने 29 अक्टूबर को रैली की थी, जहां भाजपा के विशाल प्रशांत ने सीपीएम के मदन सिंह को मात दी। रामनगर (पूर्वी चंपारण) नंदकिशोर राम ने आरजेडी के सुबोध कुमार को हराया। गोह (औरंगाबाद) भाजपा के डॉ. रणविजय कुमार विजयी रहे। गुरुआ (गया) भाजपा के उपेंद्र प्रसाद ने आरजेडी प्रत्याशी विनय कुमार को परास्त किया। डेहरी (रोहतास) लोकतंत्र शक्ति पार्टी के राजीव रंजन सिंह ने आरजेडी उम्मीदवार को हराया। बगहा (प. चंपारण) भाजपा के राम सिंह ने कांग्रेस के उम्मीदवार को मात दी। आरा (भोजपुर) संजय सिंह टाइगर ने सीपीएम के क्यामुद्दीन अंसारी को परास्त किया। इन सभी क्षेत्रों में सीएम सैनी की चुनावी सभाओं के बाद एनडीए की जीत ने सैनी फैक्टर की चर्चा तेज कर दी है।

**हरियाणा सरकार का बिहारी प्रवासियों पर फोकस भी आया काम** : छठ पर्व के दौर में हरियाणा सरकार ने प्रवासी बिहारियों को मतदान के लिए विशेष सहयोग दिया था। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने निजी उद्योगपतियों से भी श्रमिकों को वेतन सहित छुट्टी देने का आग्रह किया था, जिससे बड़ी संख्या में बिहारी मजदूर अपने गांव जाकर मतदान कर पाए। इसका असर भी नतीजों में साफ दिखा। एनडीए ने इस बार 243 में से 83 सीटें ज्यादा जीतकर पिछले चुनाव की तुलना में बड़ा उछाल हासिल किया। वहीं, महागठबंधन केवल 35 सीटों पर सिमट गया।

**बिहार में नायब सैनी फैक्टर हुआ मजबूत** : सीएम सैनी के इस दौरे ने दिखाया कि वे सिर्फ हरियाणा ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों की राजनीति में भी प्रभाव डालने की क्षमता रखते हैं। एनडीए की इन आठों सीटों पर जीत इस बात की पुष्टि करती है कि इस चुनाव में उनका रणनीतिक प्रचार निर्णायक साबित हुआ है।

# कांग्रेस ने आंदोलन में लगाए भाजपा पर वोट चोरी के आरोप

समर न्यूज़ | पलवल



जिला कांग्रेस कार्यालय में एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें 19 नवंबर को होने वाले वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन की रूपरेखा तय की गई। बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, पूर्व मंत्री करण दलाल, जिला अध्यक्ष नेत्रपाल अधाना, हथीन से विधायक इसराइल चौधरी, बलजीत गहलौत सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर कई राज्यों में चुनावों में गड़बड़ी और वोट चोरी करने के गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा लगातार लोकतंत्र को कमजोर कर रही है, बिहार चुनावों ने वोट चोरी की पुष्टि कर दी है। 19 नवंबर को गुर्जर भवन में जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन डीसी के माध्यम से सौंपा जाएगा। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि लोकसभा चुनावों में 400 पार का नारा देने वाली भाजपा जब 240 सीटों पर सिमट गई तो उसने सत्ता हासिल करने के लिए वोट चोरी को हथियार बना लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश से लेकर छत्तीसगढ़, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा और अब बिहार तक भाजपा ने चुनावों में हस्तक्षेप किया है। चुनाव आयोग भाजपा का टूलकिट बन गया है जहां आयोग की मेहरबानी होती है वहां भाजपा सरकार बना लेती है। पूर्व मंत्री करण दलाल ने भाजपा पर तीखा तंज कसते हुए कहा भाजपा पहले हरियाणा में सरकार लूटी, अब उसी तरीके को बिहार में दोहरा दिया। कांग्रेस इन कृत्यों को बेनकाब करने के लिए व्यापक प्रदर्शन करेगी।

# कार में लगी भीषण आग, एरिया में हड़कंप मचा

समर न्यूज़ | सोनीपत



राई इंडस्ट्रियल एरिया में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पीएस हेल्थकेयर फैक्टरी के बाहर खड़ी एक कार में अचानक आग भड़क उठी। आग तेजी से बढ़ी और कुछ ही मिनटों में कार पूरी तरह जलकर राख में बदल गई। गनीमत रही कि दमकल विभाग ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे आग फैक्टरी तक नहीं पहुंच सकी और किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका टल गई।

अलसुबह कार में अचानक आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। प्रारंभिक जांच में मामला शॉर्ट सर्किट का लग रहा है, लेकिन दमकल विभाग ने कहा है कि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। आग लगने की सूचना मिलते ही सोनीपत पुलिस और फायर ब्रिगेड टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने तेजी से कार के पास फैल रही आग को नियंत्रित किया और फैक्टरी में आग प्रवेश न करे, इसके लिए सुरक्षा घेरा भी बनाया। बड़ी मशक्कत के बाद आग पूरी तरह बुझा दी गई। राई इंडस्ट्रियल एरिया की फैक्ट्री पीएस हेल्थकेयर में पशुओं की दवाइयां तैयार की जाती हैं। सुबह के समय कर्मचारियों की कम मौजूदगी के कारण आग के दौरान किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

दमकल अधिकारी के अनुसार, फैक्ट्री नंबर 2,247 के बाहर खड़ी कार में आग लगी थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर तुरंत आग पर नियंत्रण किया। आग के कारणों की जांच जारी है। फिलहाल पुलिस और दमकल विभाग मामले की विस्तृत जांच कर रहे हैं ताकि आग लगने के पीछे की वास्तविक वजह का पता लगाया जा सके।

**हाई-अलर्ट** | संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ में ढिलाई न बरती जाए : पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह

# झज्जर में कड़ी सुरक्षा, दिल्ली बॉर्डर पर वाहनों की जांच शुरू

समर न्यूज़ | बहादुरगढ़



दिल्ली बॉर्डर से सटे होने के कारण बहादुरगढ़ को हमेशा हाई-अलर्ट जोन माना जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए झज्जर पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए सभी अधिकारियों की बैठक बुलाई और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने सीमावर्ती इलाकों में तैनात पुलिस को निर्देश दिए कि दिल्ली सीमा से गुजरने वाले सभी वाहनों की सख्त जांच की जाए और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ में ढिलाई न बरती जाए। कमिश्नर ने उन व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने को कहा जिनकी जीवनशैली उनकी वैध आय से मेल नहीं खाती। उन्होंने बताया कि ऐसे लोग जो बिना किसी स्पष्ट आय-स्रोत के महंगे गैजेट्स, ब्रांडेड कपड़े और शाही खर्चों का प्रदर्शन करते हैं, वे आपराधिक गतिविधियों से जुड़े हो सकते हैं। ऐसे सभी संदिग्ध लोगों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुए समय पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

कमिश्नर ने कहा कि मौजूदा समय में पुलिस की जिम्मेदारियां और अधिक संवेदनशील हो गई हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोगों को सुरक्षा का मजबूत अहसास हो और अपराधियों में कानून का डर स्पष्ट दिखना चाहिए। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि आमजन को किराएदारों का अनिवार्य पुलिस वेरिफिकेशन करवाने के लिए जागरूक किया जाए, ताकि किसी भी आपराधिक तत्व को शहर की आबादी में छिपने का मौका न मिल सके। बैठक में कमिश्नर डॉ. सिंह ने जिले में पैट्रोलिंग बढ़ाने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लगातार गश्त से न सिर्फ अपराधों पर रोक लगती है, बल्कि जनता को भी सुरक्षा का भरोसा मिलता है। बहादुरगढ़ की लोकेशन को देखते हुए दिल्ली बॉर्डर पर आने-जाने वाले वाहनों की गहन तलाशी को अनिवार्य बताया गया।

**अपराधियों और बदमाशों पर ऑपरेशन ट्रैक डाउन के तहत सख्त कार्रवाई**

कमिश्नर ने आदतन अपराधियों और समाज में डर पैदा करने वाले गिरोहों पर कठोर कार्रवाई करने के आदेश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे लोगों पर लगातार नजर रखी जाए और किसी भी गतिविधि के सामने आते ही तत्काल गिरफ्तारी की प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि गांवों के विश्वसनीय व्यक्तियों से लगातार संवाद रखकर नशे की तस्करी और अवैध गतिविधियों से जुड़ी जानकारी इकट्ठी की जाए और उसके आधार पर त्वरित छापेमारी की जाए। बैठक के दौरान पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) जसलीन कौर, पुलिस उपायुक्त (झज्जर) लोगेश कुमार, पुलिस उपायुक्त (बहादुरगढ़) मयंक मिश्रा और डीसीपी क्राइम अमित दहिया भी मौजूद रहे।

# चिट्टे के खिलाफ हिमाचल में निर्णायक जन आंदोलन का आगाज, महिलाएं होंगी इस लड़ाई में रीढ़ की हड्डी

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला से वॉकथॉन का नेतृत्व किया, तस्करों के नामोनिशान मिटाने का संकल्प

**समर न्यूज़ | शिमला**




शिमला में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अगुआई में "चिट्टा-मुक्त हिमाचल" के लिए अभूतपूर्व वॉकथॉन का आयोजन हुआ। रिज मैदान से चौड़ा मैदान तक उमड़ी भारी भीड़ ने नशे के खिलाफ जनजागरण का स्वरोद्घोष किया। मुख्यमंत्री ने चिट्टे के सौदागरों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि हिमाचल उन्हें नाम-निशान और नेटवर्क सहित समाप्त कर देगा।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि यह लड़ाई केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि एक व्यापक जन आंदोलन है जो आने वाली पीढ़ी और हिमाचल की अस्मिता को बचाने का संकल्प है। उन्होंने इसे माताओं, युवाओं और धार्मिक संस्थाओं से नेतृत्व लेने वाली सामाजिक जागृति बताया। उन्होंने कहा कि "जब मां जागती है तो पूरा समाज संभल जाता है, इसलिए महिलाएं इस लड़ाई की रीढ़ होंगी।"मुख्यमंत्री ने जनसमूह को नशा छोड़ने और नशा माफिया के खिलाफ आवाज उठाने की शपथ दिलाई। चौड़ा मैदान में अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देवभूमि में अब चिट्टे के कारोबारियों की कोई जगह नहीं बचेगी। सरकार ने पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम को लागू करते हुए लगातार गिरफ्तारी और संपत्ति जब्ती की कड़ी कार्रवाई शुरू की है। सरकार तीन स्तरों पर काम कर रही है, जागरूकता प्रचार, सख्त कानून प्रवर्तन और नशा पीड़ितों का पुनर्वास। मुख्यमंत्री बोले, "जो युवा नशे की दलदल में फंसे हैं, वे अपराधी नहीं बल्कि इलाज और पुनर्वास के पात्र हैं।"सरकार 1,000 एंटी-चिट्टा स्वयंसेवकों की टीम तैयार कर रही है जो पुलिस और जनता के बीच सेतु का काम करेंगे। पंचायत स्तर तक नशाखोरी और तस्करी की मैपिंग पूरी की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने पुलिस, स्कूली संस्थानों और सामाजिक संगठनों की भागीदारी को बेमिसाल बताया और कहा कि स्कूल केवल शिक्षा नहीं बल्कि संस्कार और सुरक्षा के किले बनेंगे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनी राम शांडिल, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, मुख्य सचिव संजय गुप्ता समेत हजारों लोग शामिल हुए।

# कांगड़ा की सहकारी सभाओं में तेजी से सुधार

## 818 लाभ में 18 केंद्रीय योजनाओं के सहारे घाटे में चल रहीं संस्थाओं को मिलेगा लाभ

**राहुल चावला | धर्मशाला**
**समर न्यूज़**




जिला कांगड़ा में सहकारिता क्षेत्र लगातार सशक्त हो रहा है। सहकारिता विभाग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 1076 पंजीकृत सहकारी सभाओं में से 818 इस समय लाभ में काम कर रही हैं। जबकि घाटे में चल रहीं सभाओं को पुनर्जीवित करने के लिए विभागीय स्तर पर सुधार कार्य तेज कर दिए गए हैं।

विभाग घाटे वाली सभाओं को लाभकारी मॉडल की ओर मोड़ने के लिए केंद्र सरकार की 18 प्रमुख योजनाओं का सहारा ले रहा है। इन योजनाओं के तहत कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) के जरिए ग्रामीण लोगों को बैंकिंग, बीमा, प्रमाण पत्र, बिजली-पानी बिल जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

धर्मशाला, पालमपुर, देहरा और नूरपुर चार सर्कलों में फैली इन सभाओं में 611 प्राथमिक कृषि सहकारी सभाएं हैं, जिनके पास करीब 1280.45 लाख रुपये का फंड है। लगभग 5.92 लाख सदस्य इनसे सीधे जुड़े हैं जो सस्ती ब्याज दरों पर ऋण सुविधा से लाभान्वित हो रहे हैं।

उप पंजीयक सहकारी सभाएं राकेश कुमार ने बताया कि कई संस्थाओं ने CSC सेवाओं से अपनी आय में वृद्धि की है।

अन्य सभाओं को भी यही मॉडल अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वर्ष 2023-24 में शुरू किए गए "पूर्ण ऑनलाइन सहकारिता प्रोजेक्ट" के तहत जिले की 800 सभाओं को कंप्यूटरीकृत करने की प्रक्रिया चल रही है। अब तक 60 सभाएं पूरी तरह ऑनलाइन हो चुकी हैं। निरीक्षकों की कमी को विभाग ने बड़ी चुनौती बताया है।

राकेश कुमार ने कहा कि सरकार को इसकी जानकारी दी गई है और जल्द नए पद भरे जाने की उम्मीद है।

# बिहार चुनाव की जीत पर हिमाचल में भी जश्न

## वीरेंद्र कंवर बोले - जनता ने सुशासन और स्थिरता के पक्ष में दिया जनादेश



**राकेश मल्ही | ऊना**
**समर न्यूज़**

बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर शनिवार को बंगाणा चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कार्यकर्ताओं के साथ ढोल-नगाड़ों पर नृत्य किया और मिठाइयां बांटीं। वीरेंद्र कंवर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और जे.पी. नड्डा को जीत की बधाई देते हुए कहा कि यह विजय अच्छे शासन में जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि बिहार की इस ऐतिहासिक जीत का असर हिमाचल में भी दिखाई देगा क्योंकि प्रदेश की जनता वर्तमान सरकार से निराश है।

कंवर ने दावा किया कि आने वाले चुनावों में जनता कांग्रेस सरकार को जवाब देगी और भाजपा में विश्वास जताएगी। उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं में लचर राहत व्यवस्था, खराब सड़कों और जल संकट जैसे मुद्दों पर राज्य सरकार को घेरा। पूर्व मंत्री ने राज्य की वित्तीय स्थिति को "चरमराई हुई" बताते हुए कहा कि वेतन-पेंशन में देरी के कारण कर्मचारियों और पेंशनरों में रोष है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिहार की जीत से संगठन में नई ऊर्जा आई है और यह हिमाचल में आगामी चुनावी अभियानों को भी जोश से भरेगी।

# हिमाचल कांग्रेस में बड़े बदलाव के संकेत, अध्यक्ष की रेस में कुलदीप राठौर सबसे मजबूत दावेदार

**राज्य ब्यूरो | शिमला**



हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष की ताजपोशी को लेकर राजनीतिक हलकों में तेज हलचल है। बिहार में कांग्रेस की करारी हार के बाद हाईकमान अब हिमाचल संगठन में बड़े बदलाव के संकेत दे रहा है। प्रदेश में पिछले एक वर्ष से संगठन भंग है और ऐसे समय में नई अध्यक्ष के सामने संगठन को दोबारा खड़ा करने की बड़ी चुनौती होगी। दिल्ली में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे संभावित दावेदारों के इंटरव्यू पूरे कर चुके हैं और अब प्रदेश अध्यक्ष का एलान कभी भी हो सकता है।

इन सबके बीच पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और एआईसीसी के प्रवक्ता कुलदीप राठौर सबसे मजबूत दावेदार के रूप में उभरकर सामने आए हैं। राठौर अपनी शांत कार्यशैली, सादगी, अनुशासन और संगठन कौशल के लिए जाने जाते हैं। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने कांग्रेस के ढांचे को स्थिर किया और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाया। राठौर की स्वीकार्य छवि और जमीन से जुड़े रहने की शैली उन्हें प्रदेशभर में व्यापक समर्थन दिलाती है। एआईसीसी प्रवक्ता के तौर पर उनकी सक्रिय भूमिका हाईकमान के साथ संवाद को मजबूत करती है, जिसे हिमाचल संगठन के लिए बड़ा लाभ माना जा रहा है।

कांग्रेस को यह भी विश्वास है कि यदि कुलदीप राठौर को दोबारा कमान मिलती है तो संगठन में तुरंत अनुशासन और स्थिरता आएगी। पार्टी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा पैदा होगी और गुटबाजी पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। आगामी चुनावों के लिए एक स्पष्ट और भरोसेमंद नेतृत्व उपलब्ध होगा। राठौर की संगठनात्मक समझ और मीडिया पर पकड़ कांग्रेस को राज्य की राजनीति में मजबूत और सक्रिय उपस्थिति दिला सकती है।

अध्यक्ष पद की रेस में कुलदीप राठौर के अलावा आशीष बुटेल, रोहित ठाकुर, विनय कुमार, सुरेश कुमार और विनोद सुल्तानपुरी भी शामिल हैं। सभी नेताओं की अपनी राजनीतिक क्षमता है, लेकिन बिहार की हार के बाद हाईकमान अब हिमाचल में ऐसा चेहरा चाहता है जिसका जनाधार हो और जो तुरंत संगठन को दिशा दे सके। सभी की निगाहें इस बात पर टिक गई हैं कि कांग्रेस नेतृत्व आने वाले दिनों में हिमाचल में किसे प्रदेश संगठन की कमान सौंपेगा और पार्टी को नई ऊर्जा देगा।

# वेतन न मिलने पर सीटू श्रमिकों का हल्लाबोल

## 26 लाख रुपये का बकाया और तीन साल का ईपीएफ लंबित

**मनमिंदर अरोरा | कुल्लू**
**समर न्यूज़**

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट वर्कर यूनियन (सीटू) से जुड़े श्रमिकों ने शुक्रवार को बाशिंग स्थित जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव किया। मजदूरों ने वेतन और ईपीएफ बकाया को लेकर विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। यूनियन ने बताया कि करीब 26 लाख रुपये का बकाया वेतन और तीन वर्षों का कर्मचारी भविष्य निधि जमा नहीं किया गया है। कई बार मांग पत्र देने के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर श्रमिकों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान विभागीय अधिकारियों ने यूनियन प्रतिनिधियों से बातचीत की और दो से तीन दिन में वेतन जारी करने का आश्वासन दिया। ईपीएफ जमा के लिए अतिरिक्त समय मांगा गया है तथा ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही गई। अस्थायी रूप से आंदोलन स्थगित कर दिया गया है, लेकिन यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि वादे पूरे न हुए तो आंदोलन फिर तेज किया जाएगा।




# हिमाचल में महिला कांग्रेस का पुनर्गठन जल्द

## शिमला में अधिकारियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठकें




**समर न्यूज़ | शिमला**

हिमाचल महिला कांग्रेस का पुनर्गठन अब अंतिम चरण में है। एआईसीसी की पर्यवेक्षक सुरभि वर्मा ने शुक्रवार को शिमला राजीव भवन में महिलाओं से वन-टू-वन बातचीत कर संगठनात्मक रिपोर्ट तैयार की। बैठक में 2027 विधानसभा चुनावों में 'मिशन रिपीट' और संगठन सशक्तिकरण पर चर्चा हुई। सुरभि वर्मा ने कहा कि नई कार्यकारिणी संगठन को नई ऊर्जा देगी और सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाएगी।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष जैनब चंदेल ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में महिलाओं ने पार्टी को सत्ता में लाने में अहम योगदान दिया और आगे भी यही उत्साह बरकरार है।

# चिंतपूर्णी महोत्सव में दिखी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा

**समर न्यूज़ | ऊना**



धार्मिक आस्था का प्रतीक श्री माता चिंतपूर्णी महोत्सव इस बार राजनीतिक रंग में रंग गया। भाजपा युवा मोर्चा प्रवक्ता नवकुश सैनी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार और जिला प्रशासन ने धार्मिक आयोजन में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया है। उन्होंने कहा कि आपदा के दौर में अनावश्यक खर्च और राजनीतिक प्रभाव दिखाकर सरकार ने जनता की भावनाओं से खिलवाड़ किया है। सैनी ने नाराजगी जताई कि जिले के वरिष्ठ नेता सतपाल सत्ती को आयोजनों में आमंत्रण तक नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम सर्व-समावेशी होने चाहिए, लेकिन सरकार इन्हें भी राजनीति का मंच बना रही है। भाजपा युवा मोर्चा ने प्रशासन से पक्षपात पर स्पष्टीकरण मांगा है।

# अधिकारियों की मनमर्जी के आगे बेबस हैं मुख्यमंत्री : जयराम ठाकुर

## सरकार को लेकर माननीय न्यायालय पर टिप्पणी से साफ है सरकार की नाकामी और अफसरों की मनमानी

**समर न्यूज़ | शिमला**



शिमला से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि अधिकारियों की मनमर्जी के आगे मुख्यमंत्री पूरी तरीके से बेबस हैं। अधिकारी हर तरफ अपनी मर्जी चला रहे हैं और मुख्यमंत्री कुछ कर नहीं पा रहे हैं। आए दिन इस तरीके की चीजें हो रही है जिससे सरकार की नाकामी और अधिकारियों की मनमानी सामने आ रही है। हाल के दिनों में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा सरकार की कार्यप्रणाली लेकर की गई टिप्पणियां यह बताने के लिए पर्याप्त है कि यह सरकार किस तरीके से चल रही है। प्रकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए ही पहले माननीय न्यायालय ने सरकार को दूरदर्शी सोच के बिना काम करने वाली सरकार कहा था। इसके बाद भी अधिकारियों के रवैए में कोई परिवर्तन नहीं आया और अधिकारी अपनी मनमानी से सरकार चलाते रहे। जिसके चलते 2 दिन पहले माननीय न्यायालय को यह कहना पड़ा कि सरकार के कृत्यों से यह पता ही नहीं चल रहा है कि वह प्रदेश को चला रही है या किसी पंचायत को।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार एक तरफ स्थाई नौकरी नहीं दे रही है दूसरी तरफ अस्थाई नौकरी की भर्ती के लिए बनाए जा रहे आउट सोर्स की भर्ती के लिए एजेंसियों के चयन में भारी लापरवाही बरत रही है। यह लापरवाही अधिकारियों द्वारा अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए की जा रही है। आउटसोर्स पर भर्ती किए जाने वाले बिजली मित्र, पशु मित्र, रोगी मित्र जैसे संभावित पदों की भर्तियों में भी घोटाला किया जा सके। कभी यह सरकार फ़िनाइल बेचने वाली कंपनियों को नर्सों की भर्ती का जिम्मा दे देती है तो कभी उससे भी बड़ा कारनामा कर देती है। आए दिन कोई न कोई नेता या मंत्री अधिकारियों को धमकाता हुआ और काम करने की नसीहत देता हुआ मिल जाता है। यह नसीहत खुले मंचों से होती है। जिससे यह साफ है कि अधिकारी उनकी सुनने को राजी नहीं हैं। कभी उपमुख्यमंत्री मंचों से अधिकारियों को काम करने की नसीहत देते हैं तो कभी मीटिंग्स में मुख्यमंत्री को खुलेआम यह करना पड़ता है कि अधिकारी काम नहीं कर रहे हैं?

जयराम ठाकुर ने कहा कि ऐसी स्थिति आखिर आई क्यों? अधिकारी आज इसलिए मनमर्जी कर रहे हैं क्योंकि सरकार ने उन्हें कभी 'ऐसा- वैसा' करने की खुली छूट दे रखी थी। जिसके कारण अब कुछ चुनिंदा अधिकारियों ने सरकार की नस-नस पहचान ली है और अपने हिसाब से काम कर रहे हैं। हालत आज यह हो गई है कि अधिकारी किसी की नहीं सुन रहे हैं। विपक्ष के विधायकों की तो दूर की बात है सत्ता पक्ष के विधायकों के भी नहीं सुनी जा रही है। आखिर जिन विधायकों के दम पर सरकार का गठन हुआ है, जिन विधायकों ने मुख्यमंत्री बनाया है, वही आज बेबस क्यों है? उन्होंने कहा कि हमने मुख्यमंत्री को पहले ही आगाह किया था कि जिन अधिकारियों को आप संरक्षण दे रहे हैं वह आपको कहीं का नहीं छोड़ेंगे। आज वही स्थिति आ गई है। मुख्यमंत्री न तो स्थाई मुख्य सचिव लगा पा रहे हैं और न ही स्थाई डीजीपी। बाकी जगहों पर भी इसी तरीके से काम चल रहा है। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर व्यवस्था पतन की सरकार चल रही है।

**आए दिन अखबारों में रहती हैं कर्ज लेने की खबरें**

जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री हर दिन बड़े-बड़े मंचों से हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की बात करते हैं लेकिन प्रदेश को आत्म निर्भर बनाने के नाम पर नियमित रूप से कर्ज लेने और कर लगाने का काम ही कर रहे हैं। प्रदेश में उद्योगों के विकास और राजस्व अर्जन की कोई भी योजना सरकार द्वारा नहीं चलाई जा रही है। क्या इसी तरीके से हिमाचल अगले दो सालों में आत्मनिर्भर राज्य बनपाएगा। सुक्खू सरकार के गवर्नेंस किया मॉडल दुर्भाग्यपूर्ण पूर्ण है।

**प्रस्तुति**

## इंडियन आइडल नेहा दीक्षित की प्रस्तुति ने बांधा समां

# लवी मेले की समापन संध्या में मुख्यमंत्री सुक्खू हुए शामिल

**समर न्यूज़ | शिमला**



अंतरराष्ट्रीय लवी मेले की समापन सांस्कृतिक संध्या में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने मेला स्मारिका का विमोचन किया और कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों का आनंद लिया।

कार्यक्रम में इंडियन आइडल फेम नेहा दीक्षित ने गायन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर लोकसंगीत और नृत्य की झलकियों ने अंतिम दिन को यादगार बना दिया।

इस मौके पर पूर्व विधायक किशोरी लाल, वन विकास निगम उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची, सहकारी बैंक अध्यक्ष देवेंद्र श्याम, मिल्कफेड अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर, एपीएमसी अध्यक्ष देवानंद वर्मा व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लवी मेला सिर्फ व्यापार का नहीं, बल्कि हिमाचल की संस्कृति और सामूहिकता का प्रतीक है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और मेला समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

# जनजातीय गौरव दिवस पर भाजपा का आयोजन, त्रिलोक कपूर ने सरकार पर साधा निशाना

## केंद्र के संग्रहालय प्रयासों को सराहा, कांग्रेस राष्ट्रीय महत्व के आयोजनों से दूरी बनाए हुए

**समर न्यूज़ | शिमला**



बिरसा मुंडा जयंती पर शुक्रवार को जनजातीय गौरव दिवस पूरे देश में मनाया गया। भाजपा प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने कहा कि जनजातीय इतिहास को सहेजने के लिए केंद्र सरकार देशभर में 11 संग्रहालय बना रही है। उन्होंने हिमाचल सरकार पर आरोप लगाया कि वह ऐसे राष्ट्रीय आयोजनों में कोई भूमिका नहीं निभा रही। कपूर ने याद किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2021 में रांची में भगवान बिरसा मुंडा संग्रहालय का उद्घाटन किया था। उन्होंने कहा कि केंद्र की पहल से युवाओं को आजादी के संघर्ष में जनजातीय योद्धाओं की भूमिका समझने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बिहार में भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए की जीत को "कांग्रेस की विचारहीन राजनीति की हार" बताया। कपूर ने दावा किया कि 2027 के हिमाचल चुनावों में कांग्रेस पांच सीटों तक सिमट सकती है।

# मोहाली में 3बी2 की मार्केट में नगर निगम की लापरवाही, दुकानदारों ने किए अवैध कब्जे


## निगम कमिश्नर बोले, सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले दुकानदारों के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई

**हरजीत मठारू | मोहाली**
**समर न्यूज़**

3बी2 के दुकानदार पिछले लंबे समय से दुकानों के बाहर , फुटपाथ और पार्किंग पर कब्जा करके अपनी दुकानदारी चला रहे हैं। बड़ा सवाल खड़ा होता है कि दुकानदार किसकी शह पर दुकानों के समाने पार्किंग की सड़क तक कब्जा करते हैं।

समर एक्सप्रेस की टीम ने जब 3बी2 की मार्केट में जाकर देखा जहां स्पॉट रोटी चौंका से लेकर के चाय चूरी वाली लाइन में दुकानदारों ने सरकारी जमीन पर कब्जा किया हुआ है। मार्केट में दुकानों के काउंटर दुकान के अंदर लगने चाहिए। दुकानदार काउंटर दुकानों के बाहर लगाते हैं जिस कारण लोगों को मार्केट में चलने फिरने में दिक्कत होती है। मार्केट में लोगों के चलने की जगह पर दुकानदारों ने गैस चूल्हे रखकर कब्जा किया हुआ है। मार्केट में आने वाले लोगों को गाड़ियां पार्किंग में खड़ी करनी होती हैं वहां पर भी दुकानदारों की ओर से बैठने के लिए कुर्सियां, टेबल लगाए हुए हैं।



3बी2 के दुकानदार का फुटपाथ और पार्किंग पर कब्जा।

### नगर निगम नहीं करता कार्रवाई

शहर में ज्यादातर अवैध रेहड़ी फड़ियां हैं। रेहडी फड़ी लगाने वालों के खिलाफ नगर निगम की ओर से कार्रवाई की जाती है। नगर निगम के कर्मचारी अवैध रेहड़ी लगाने वालों का सामान उठाकर ले जाते हैं। इसके अलावा उनके ऊपर जुर्माना भी लगाया जाता है। अगर बात करें मार्केट में शोरूम की वहां पर नगर निगम की टीम कार्रवाई नहीं करती। जिस कारण दुकानदारों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वह दुकानों के बाहर लगातार कब्जा बढ़ाते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकानदारों और निगम की मिलीभगत के कारण इन दुकानदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती।

*दुकानदारों के खिलाफ पहले भी कई बार कार्रवाई हो चुकी है। कार्रवाई होने के बावजूद दुकानदार फिर से कब्जा कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी टीम द्वारा कब्जा करने वाले दुकानदारों का सामान जब्त कर लिया जाता है और कार्रवाई की जाती है। चाय चूरी 3बी2 वाले के ऊपर पहले भी कई बार कार्रवाई हो चुकी है। मार्केटों में दुकानों के बाहर जो भी सरकारी जमीन पर कब्जा करके दुकानदारी चलाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।*

**-परमिंदरपाल सिंह, कमिश्नर नगर निगम मोहाली**

# कानून की उड़ती धज्जियां: स्कूल के बच्चे बिना लाइसेंस, हेलमेट के चला रहे वाहन

## माता-पिता को 3 साल की सजा, 25 हजार का हो सकता है जुर्माना: डीएसपी



**हरजीत मठारू | मोहाली**
**समर न्यूज़**

शहर में अलग-अलग स्कूलों के बच्चों की ओर से कानून की धज्जियां सरेआम उड़ाई जा रही हैं। मोहाली के अलग-अलग स्कूलों के बाहर छुट्टी के समय देखने को यह मिलता है कि स्कूलों के बच्चे मोटरसाइकिलों पर आते हैं। एक मोटरसाइकिल पर तीन-तीन बच्चे बैठे होते है। इन बच्चों के ना तो सर पर हेलमेट होता है औ ना ही इनके पास लाइसेंस होता है।

समर एक्सप्रेस की टीम ने मोहाली के फेस-3 के स्कूल को छुट्टी के समय इसकी पड़ताल की। इस दौरान देखा गया कि ज्यादातर बच्चे दो पहिया वाहन मोटरसाइकिलों पर आते हैं। मोहाली ट्रैफिक पुलिस की इन पर कोई डर नजर नहीं जाती। बच्चे बेखौफ होकर बिना हेलमेट और एक बाइक पर तीन-तीन सवार होकर शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार बाइक चलाकर घूमते हैं। बच्चे बिना लाइसेंस के रोजाना स्कूल आते हैं फिर छुट्टी के बाद ट्रैफिक के कानून तोड़कर घर जाते हैं।

हैरानी की बात यह है कि इन बाइक सवारों के साथ किसी की टक्कर हो गई तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। मोहाली ट्रैफिक पुलिस इन वाहन चालकों पर कोई कार्रवाई नहीं करती। पुलिस को ट्रैफिक के नियम तोड़ने वालों के चालान करने चाहिए। इसके अलावा मोहाली में कई जगह पर दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के वाहन चलाते हैं। पुलिस इन वाहन चालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करती।

# पंजाब नेशनल बैंक ने किया मेगा रिटेल लोन कैंप का आयोजन

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**



पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के मंडल कार्यालय मोहाली ने बैंक के शीर्ष अधिकारियों के निर्देशानुसार, मोहाली के फेज 2 में एक मेगा रिटेल लोन कैंप का आयोजन किया। इस कैंप में विभिन्न रिटेल लोन उत्पादों जैसे होम लोन, वाहन लोन, शिक्षा लोन, व्यवसाय लोन और संपत्ति पर लोन को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिससे आगंतुकों को एक ही छत के नीचे कई वित्तीय समाधानों का अनुभव करने का अवसर मिला। मारुति, हुंडई, टाटा, किआ और टोयोटा जैसी प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और संभावित ग्राहकों के लिए अपने नवीनतम वाहन मॉडल प्रदर्शित किए। कई प्रमुख बिल्डरों ने भी अपने चल रहे और आगामी रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स के बारे में जनता को जानकारी देने के लिए कैंप में भाग लिया जिसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इस आयोजन को उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली और विभिन्न ऋण श्रेणियों में 61.48 करोड़ रुपये मूल्य के 176 लीड उत्पन्न हुए। समारोह को संबोधित करते हुए कुमुद नेगी ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक मोहाली जिले का अग्रणी बैंक है और जिले भर के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक मजबूत शाखा नेटवर्क से सुसज्जित है।

# नाइपर ने मनाया जनजातीय गौरव दिवस, भगवान बिरसा मुंडा और डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर को की गई पुष्पांजलि अर्पित

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**



जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर नाइपर ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा और डॉ बाबासाहेब अम्बेडकर को नाइपर मोहाली के निदेशक प्रो दुलाल पांडा और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख प्रो अभय एच पांडे द्वारा पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। संबोधन में नाइपर एसएएस नगर के निदेशक प्रो. दुलाल पांडा ने कहा कि जनजातीय गौरव वर्ष भारत में आदिवासी समुदायों के योगदान का जश्न मनाने और उन्हें सम्मानित करने के लिए एक समर्पित वर्ष है। विशेष रूप से देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका को उजागर करते हुए, जिसका मुख्य उद्देश्य भगवान बिरसा मुंडा जैसे आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और वीरता को मान्यता देना है। जिनकी जयंती 15 नवंबर को मनाई जाती है। जिसे जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा को भारत के स्वतंत्रता संग्राम के असली नायकों में से एक बताया। प्रो. सुषमा सिंह द्वारा एक लघु वृत्तचित्र प्रस्तुत किया गया जिसमें भारत के स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय विकास में आदिवासी समुदायों के योगदान के महत्व पर जोर दिया गया। नाइपर के छात्रों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और प्रमुख आंदोलनों पर तैयार की गई एक लघु वीडियो क्लिप भी दिखाई गई। नाइपर, मोहाली में जनजातीय गौरव वर्ष के वार्षिक उत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रश्नोत्तरी और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्रों और कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के इतिहास विभाग के सहायक प्रोफेसर (अतिथि संकाय) डॉ. सौंदर्य कुमार दीपक ने 'भगवान बिरसा मुंडा: जनजातीय गौरव और स्वतंत्रता संग्राम के प्रतीक' विषय पर एक अतिथि व्याख्यान दिया। डॉ. दीपक सालुंके ने भारत सरकार की जनजातीय गौरव वर्ष पहल की सराहना की जो आदिवासी गौरव और सशक्तिकरण का एक वार्षिक उत्सव है। उन्होंने प्रसिद्ध आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में कार्यक्रमों और व्याख्यानों के आयोजन में उनके अथक प्रयासों के लिए नाइपर प्रशासन और समिति के अध्यक्ष प्रो. अभय एच पांडे को धन्यवाद दिया।

# दोस्त ने दोस्त की ईंट मारकर की हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरजीत मठारू | मोहाली**
**समर न्यूज़**



सेक्टर-71 में बीती रात एक युवक की ओर से अपने ही दोस्त का ईट मार कर मर्डर कर दिया। घटना शुक्रवार देर रात और शनिवार सुबह की बताई जा रही है। जानकारी देते हुए थाना मटौर के एसएचओ अमनदीप कंबोज ने बताया है कि सेक्टर-71 मटोर थाना के सामने वाली पार्किंग में दो दोस्त अर्जुन और राजू में किसी मामूली बात को लेकर के बहस हो गई। बहस इतनी बढ़ गई की फिर दोनों की आपस में झड़प हो गई, जिसके चलते अर्जुन ने राजू के सिर पर ईट से वार कर दिया। ईंट लगने से राजू की मौके पर ही मौत हो गई।

इस बात का पता चलते ही थाना मटौर पुलिस द्वारा अर्जुन के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया। कुछ ही समय में अर्जुन को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया 1 जानकारी मुताबिक, पता चला है कि राजू और अर्जुन दोनों यूपी के रहने वाले हैं जो कि यहां गांव मटौर में किराए के मकान में रहते थे फिलहाल मर्डर होने के खास कारण नहीं पता चल सके। पुलिस का कहना यह है कि उनकी ओर से मामला दर्ज करके अर्जुन को गिरफ्तार करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल कैंप लगाकर बीस पीड़ितों की पहचान की, 12 का इलाज शुरू

# रायपुररानी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में हुआ मेडिकल कैंप आयोजित

**मुकुल शर्मा | पंचकूला**
**समर न्यूज़**

पुलिस द्वारा नशा और हिंसा मुक्त मेरा गांव मेरी शान अभियान के तहत जागरूकता और उपचार प्रक्रिया को गति देते हुए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 14 नवंबर को रायपुर रानी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विशेष मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। कैंप के दौरान टीम द्वारा 20 नशा पीड़ित व्यक्तियों की पहचान की गई, जबकि 12 पीड़ितों की काउंसलिंग कर उनका इलाज तुरंत शुरू कराया गया। इस अभियान का उद्देश्य नशा करने वालों को चिकित्सा सहायता प्रदान कर उन्हें मुख्यधारा में लौटाना है। कैंप में सैक्टर-6 स्थित सामान्य नागरिक अस्पताल से आए चिकित्सक डॉ. एमपी शर्मा, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट अंकिता और समाजसेवी सुखविंदर व अभियान के तहत गठित पुलिस टीम नंबर-3 से



एएसआई शिवानी, एसपीओ जगतार सिंह और एसपीओ संजीव ने सक्रियता के साथ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस का मानना है कि सामुदायिक सहयोग और निरंतर चिकित्सा देखभाल के माध्यम से नशा-मुक्त और हिंसा-रहित समाज का निर्माण संभव है। नशे के जाल में फंसा कोई भी पीड़ित अगर नशा छोड़ना चाहता है तो पुलिस द्वारा जारी ड्रग इंफो हेल्पलाइन नंबर 7087081048 व 7087081100 पर सूचना दे, पहचान गुप्त रखी जाएगी। पुलिस द्वारा आपके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नही की जाएगी बल्कि निशुल्क इलाज शुरु करवाया जाएगा।

# मॉडिफाइड वाहनों के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान, जुगाड़ रेहड़ी पर होगी कार्रवाई

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

मोहाली,जिला एसएएस नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरमनदीप सिंह हंस और पुलिस अधीक्षक (यातायात) नवनीत सिंह महल के दिशा-निर्देशों के तहत यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) करनैल सिंह द्वारा जुगाड़ रेहड़ी और मॉडिफाइड वाहनों की विशेष जांच की गई। जांच के दौरान, नियमों का उल्लंघन करके मॉडिफाइड किए गए या जुगाड़ रेहड़ी में परिवर्तित किए गए वाहनों के खिलाफ यातायात नियमों के अनुसार कानूनी कार्रवाई की गई। यातायात अधिकारियों और सभी कर्मचारियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि यदि कोई व्यक्ति अपने क्षेत्र में जुगाड़ रेहड़ी का उपयोग करते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। पुलिस ने यह भी चेतावनी दी है कि ऐसे वाहन सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं और भविष्य में कोई अप्रिय घटना घट सकती है।

## तरनतारन उपचुनाव... आम आदमी पार्टी प्रत्याशी की जीत की खुशी में आप ने बांटे लड्डू

# लोगों ने सरकार की नीतियों के पक्ष में किया मतदान: सरबजीत

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**



आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक युवा नेता एवं पार्षद सरबजीत सिंह समाना के नेतृत्व में तरनतारन विधानसभा क्षेत्र से जीत की खुशी में लड्डू बांटते।

तरनतारन विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी हरमीत सिंह संधू की जीत का जश्न मोहाली में भी मनाया गया। सेक्टर-79 स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय में युवा नेता एवं पार्षद सरबजीत सिंह समाना की मौजूदगी में बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने एक-दूसरे को बधाई दी और जीत की खुशी में भांगड़ा किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए युवा नेता एवं पार्षद सरबजीत सिंह समाना ने कहा कि तरनतारन विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में आम आदमी पार्टी प्रत्याशी हरमीत सिंह संधू ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसका सारा श्रेय तरनतारन की जनता को जाता है, जिन्होंने हरमीत सिंह संधू की जीत सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात मेहनत की। उन्होंने कहा कि यह भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार की नीतियों और लोगों का प्रतिबिंब है। यह केवल चुनाव समर्थक योजनाओं के कार्यान्वयन के कारण ही संभव हुआ है। सरबजीत सिंह समाना ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल और भगवंत सिंह मान व अन्य लोगों द्वारा लोगों से किए गए वादों और वादों को एक-एक करके लगातार पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार अपनी कथनी और करनी में पूरी तरह से स्पष्ट है और निस्संदेह आने वाले दिनों में राज्य का विकास और तेज होगा। इस अवसर पर डॉ. कुलदीप सिंह, पूर्व पार्षद हरपाल सिंह चन्ना, जसपाल सिंह मटौर, अकविंदर सिंह गोसल, बलजीत सिंह मोहाली, एआर गोयल, सुखचैन सिंह, गुरप्रीत सिंह, बलजीत सिंह विक्की बलौंगी, निर्मल कुर्दी, सतनाम सिंह सरपंच गीगे माजरा, गोविंदर मावी, अवतार सिंह झामपुर भी मौजूद थे।

# चंडीगढ़ पुलिस में तीन डीएसपी के तबादले

**हरजीत मठारू | चंडीगढ़**

चंडीगढ़ पुलिस में गुरुवार को महत्वपूर्ण फेरबदल किया गया, जिसके तहत डीएसपी रैंक के तीन अधिकारियों का तबादला किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, डीएसपी उदयपाल सिंह को एसडीपीओ सेंट्रल से हटाकर डीएसपी ट्रैफिक नियुक्त किया गया है। वहीं, डीएसपी/ओआरपी गुरजीत कौर को ट्रैफिक से स्थानांतरित कर एसडीपीओ साउथ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा, डीएसपी/ओआरपी (इंटेलिजेंस) दलबीर सिंह को एसडीपीओ सेंट्रल बनाया गया है और उन्हें डीएसपी सीआईडी का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि यह फेरबदल विभागीय आवश्यकता और बेहतर कार्यकुशलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है।

# मोहाली के सेक्टर-71 की पार्क में खून से लथपथ मिला शव

**समर न्यूज़ | मोहाली**



सेक्टर-71 स्थित एक पार्क में शनिवार को खून से सनी हालत में एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक के सिर, चेहरे और शरीर पर गहरे घाव मिले हैं, जिससे प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। आसपास बड़ी मात्रा में खून पाया गया, जिससे अंदेशा है कि वारदात पार्क में ही अंजाम दी गई। मृतक की पहचान मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कुड़सी गांव निवासी राजू के रूप में हुई है, जो मेहनत-मजदूरी करता था और रात को सेक्टर-71 बूथ मार्केट के सामने स्थित पार्क में बनी झोंपड़ी में रहता था। थाना मटौर पुलिस ने राजू के ससुर की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, राजू दो दिन से घर नहीं लौटा था, जिसके बाद परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। जब वे सेक्टर-71 के पार्क में पहुंचे, तो झोंपड़ी में राजू का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। संदेह है कि किसी ने हमला कर उसकी हत्या की है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्परता से जांच शुरू कर दी हैं।



# अभिनेत्री अदा शर्मा ने बताया कि उन्हें कौन हैंडसम लगता है

भारत की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्री अदा शर्मा ने बताया कि उन्हें कौन हैंडसम लगता है - और आप सुनकर हैरान रह जाएंगे! भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फीमेल लीड हीरोइन अदा शर्मा अपने बोल्ड और हटके चुनावों के लिए जानी जाती हैं - फिर चाहे वह ऑन-स्क्रीन हों या ऑफ-स्क्रीन। लेकिन उनका नया खुलासा सोशल मीडिया पर उनके फैन्स को हैरान कर गया है। अपने सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक नए वीडियो में अदा ने बताया कि उन्हें कौन "हैंडसम" लगता है - और वह न कोई एक्टर है, न कोई म्यूज़िशियन, न कोई रहस्यमयी इंसान। बल्कि वह एक पंछी है - पतंग (काइट)!

अदा इससे पहले भी अपने पालतू कौवे रसेल के साथ वीडियो शेयर कर चुकी हैं, जो उनके बांसुरी बजाने पर साथ में गाता है। अब एक पतंग रोज़ उनके घर आती है, जिससे वह खास रिश्ता महसूस करती हैं।

अदा, जो अब दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के घर में रहती हैं, अक्सर अपने शांत और सुकून भरे जीवन की झलकियाँ सोशल मीडिया पर दिखाती हैं - जहाँ उनके साथ गिलहरियाँ, पक्षी और कभी-कभी बंदर भी मेहमान बनकर आते हैं। उनके फैन्स उनकी अलग और सच्ची पर्सनैलिटी को बहुत पसंद करते हैं - और यह वीडियो उसी लिस्ट में एक और प्यारा इजाफा है।

उनका घर बिना फर्नीचर के है, लेकिन वहाँ संगीत और प्रकृति का खूबसूरत संगम है। वह पिछले दो साल से इस घर में रह रही हैं, हालांकि उन्होंने घर के अंदर से कोई वीडियो पोस्ट नहीं किया, बल्कि सिर्फ खिड़की के पास के वीडियो शेयर किए हैं जहाँ पक्षी और गिलहरियाँ आती हैं।

'द केरला स्टोरी', 'रीता सान्याल' और 'सनफ्लावर' जैसी हिट्स के बाद अदा अब एक इंटरनेशनल फिल्म, दो हॉरर फिल्मों और एक त्रिभाषीय साउथ फिल्म में नज़र आने वाली हैं, जिसमें वह एक देवी का किरदार निभा रही भारत की सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्री अदा शर्मा ने बताया कि उन्हें कौन हैंडसम लगता है — और आप सुनकर हैरान रह जाएंगे!

भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फीमेल लीड हीरोइन अदा शर्मा अपने बोल्ड और हटके चुनावों के लिए जानी जाती हैं — फिर चाहे वह ऑन-स्क्रीन हों या ऑफ-स्क्रीन। लेकिन उनका नया खुलासा सोशल मीडिया पर उनके फैन्स को हैरान कर गया है।





# भारत बनाम साउथ अफ्रीका : पंत ने रचा इतिहास, टेस्ट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय बने

**कोलकाता**। भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत टेस्ट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। इस मामले में पंत ने पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ दिया है। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे ऋषभ पंत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहली पारी में 24 गेंदों का सामना करते हुए 27 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 2 छक्के और 2 चौके निकले। ऋषभ पंत ने टेस्ट करियर के 48 मुकाबलों में अब तक 92 छक्के लगाए हैं। वहीं, वीरेंद्र सहवाग 103 टेस्ट मुकाबलों में 90 छक्के लगा सके थे।

इस लिस्ट में रोहित शर्मा तीसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने 67 टेस्ट मुकाबलों में 88 छक्के लगाए। 88 टेस्ट में 80 छक्कों के साथ रवींद्र जडेजा चौथे पायदान पर मौजूद हैं। धोनी लिस्ट में पांचवें पायदान पर हैं, जिन्होंने 90 टेस्ट में 78 छक्के लगाए। ईडन गार्डन्स में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में भारतीय टीम ने मेहमान साउथ अफ्रीका के खिलाफ बढ़त हासिल कर ली है।



साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए पहली पारी में महज 159 रन बनाए। इस पारी में एडेन मार्करम ने 31, जबकि वियान मुल्डर और टोनी डी जोरजी ने 24-24 रन की पारी खेली।

भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने सर्वाधिक 5 विकेट निकाले, जबकि सिराज और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट अपने नाम किया।

इसके जवाब में भारत ने 50 ओवरों के खेल तक 5 विकेट खोकर 164 रन बना लिए हैं। टीम इंडिया की शुरुआत खराब रही। मेजबान देश 18 के स्कोर पर यशस्वी जायसवाल (12) का विकेट गंवा बैठा था।

यहां से वाशिंगटन सुंदर ने केएल राहुल के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रन जोड़ते हुए टीम को संभाला। केएल राहुल 39 रन बनाकर आउट हुए, जबकि वाशिंगटन सुंदर ने 29 रन की पारी खेली। इनके अलावा ऋषभ पंत ने 27 रन बनाए। इस बीच कप्तान शुभमन गिल 4 रन पर रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे।

# 10 साल बाद साथ लौटे हनी सिंह और पारुल गुलाटी

**मुंबई**। फिल्मी दुनिया में जब दो कलाकार लंबे समय बाद दोबारा साथ आते हैं, तो वह पल फैंस के लिए भावनात्मक बन जाता है। खासकर तब, जब उन कलाकारों की पुरानी साझेदारी ने लोगों पर गहरी छाप छोड़ी हो। इस कड़ी में अभिनेत्री पारुल गुलाटी और मशहूर रैपर व सिंगर यो यो हनी सिंह लगभग एक दशक बाद फिर से एक साथ नजर आएंगे।

दोनों कपिल शर्मा की नई फिल्म 'किस किस को प्यार करूं 2' के खास गाने 'फुर्र' में साथ दिखाई देंगे।

पारुल गुलाटी ने आईएएनएस से बातचीत में बताया कि इतने साल बाद हनी सिंह से मिलना उन्हें भावुक कर गया। उन्होंने कहा, "जब मैं इतने सालों बाद हनी सिंह से मिली, तो सचमुच ऐसा लगा जैसे समय थम गया हो। हम दोनों तुरंत पुराने प्रोजेक्ट 'जोरावर' के दिनों में वापस चले गए। हमें रिहर्सल, हंसी-मजाक, और सेट पर मस्ती भरे पल याद आने लगे।"

पारुल ने कहा, "हनी सिंह के साथ दस साल बाद दोबारा काम करने पर मुझे एक अपनापन महसूस हुआ। उनमें पहले जैसी एनर्जी है, लेकिन एक कलाकार के तौर पर उनमें काफी निखार आया है।

उनका म्यूजिक के प्रति जुनून, काम के प्रति समर्पण, और उनकी खास शैली आज भी उतनी ही मजबूत है।"

पारुल ने कहा कि हनी सिंह के साथ गाने की शूटिंग करते हुए ऐसा लगा कि उनकी एक लंबी यात्रा, फिर से शुरुआती पड़ाव पर वापस आ गई है।

ऐसा एहसास हुआ कि जिंदगी एक पूरा चक्कर लगाकर फिर उसी खुशी भरे मोड़ पर पहुंच गई हो, जहां से हमने शुरुआत की थी।

पारुल और हनी सिंह की जोड़ी इससे पहले 2016 की पंजाबी एक्शन फिल्म 'जोरावर' में देखने को मिली थी।

यह फिल्म हनी सिंह की एक्टिंग डेब्यू थी और उस समय दर्शकों ने इस नई जोड़ी को खूब पसंद किया था। यही वजह है कि उनका दोबारा साथ आना दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा कर रहा है।

'किस किसको प्यार करूं 2' का नया गाना 'फुर्र' रिलीज हो गया है। इस गाने में हनी सिंह और पारुल गुलाटी के अलावा, कपिल शर्मा, आयशा खान और त्रिधा चौधरी नजर आ रही हैं। गाने को लोग खूब पसंद कर रहे हैं।

अनुकल्प गोस्वामी के निर्देशन में बनी 'किस किसको प्यार करूं 2' 12 दिसंबर को रिलीज होगी। ये फिल्म 2015 में आई 'किस किसको प्यार करूं' का सीक्वल है।

# आईपीएल 2026 रिटेंशन की समयसीमा से पहले बड़े फेरबदल

**नई दिल्ली**। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी ने 2026 सीजन की रिटेंशन की समयसीमा से पहले 8 खिलाड़ियों के ट्रेड की पुष्टि की है। इनमें रवींद्र जडेजा और संजू सैमसन का नाम भी शामिल है। ऑलराउंडर जडेजा को राजस्थान रॉयल्स में ट्रेड किया गया है, जबकि विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन अब चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। 12 सीजन तक चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का प्रतिनिधित्व करने वाले रवींद्र जडेजा ने 254 से ज्यादा आईपीएल मैच खेले, जिसमें 3,260 रन बनाने के साथ 170 विकेट हासिल किए हैं।

रवींद्र जडेजा लीग के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं। ट्रेड एग्रीमेंट के तहत उनकी लीग फीस 18 करोड़ रुपये से घटाकर 14 करोड़ रुपये कर दी गई है। दूसरी ओर, सैमसन अपनी मौजूदा 18 करोड़ रुपये की लीग फीस पर सीएसके का प्रतिनिधित्व करेंगे। 2013 में अपने आईपीएल डेब्यू के बाद से इस सीनियर खिलाड़ी ने अधिकांश सीजन राजस्थान रॉयल्स के लिए ही खेले। हालांकि, 2016 और 2017 में उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेला।



लेग स्पिनर मयंक मार्कंडेय कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से सफल ट्रेड के बाद मुंबई इंडियंस में वापस आएंगे। केकेआर ने मार्कंडेय को 30 लाख रुपये में खरीदा था। मयंक उसी फीस पर मुंबई इंडियंस में वापस आएंगे।

मार्कंडेय ने अपना आईपीएल सफर मुंबई इंडियंस के साथ शुरू किया और 2018, 2019 और 2022 में इस फ्रेंचाइजी के लिए खेले।

इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम कुरेन एक सफल ट्रेड के बाद अपनी मौजूदा 2.4 करोड़ रुपये की आईपीएल फीस पर चेन्नई सुपर किंग्स से राजस्थान रॉयल्स में ट्रांसफर होंगे। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने 64 आईपीएल मैच खेले हैं। वहीं, अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी सनराइजर्स हैदराबाद से एक सफल ट्रेड के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स का प्रतिनिधित्व करेंगे।

आईपीएल 2025 सीजन से पहले सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 10 करोड़ रुपये में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी शमी उसी फीस पर लखनऊ सुपर जायंट्स में ट्रांसफर होंगे।

बॉलिंग ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर मुंबई इंडियंस से ट्रांसफर होने के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) में शामिल होंगे। अर्जुन अपनी मौजूदा 30 लाख रुपये की फीस पर लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलते रहेंगे।

# भारतीय मुक्केबाजों के पास घरेलू दर्शकों के बीच ताकत दिखाने का मौका


**नोएडा**। विश्व मुक्केबाजी बदलाव के दौर से गुजर रही है। खेल की नई अंतरराष्ट्रीय नियामक संस्था, विश्व मुक्केबाजी, ने नया प्रतियोगिता कैलेंडर, प्रारूप और रैंकिंग प्रणाली तैयार की है। भार वर्ग को घटाकर 13 से 10 कर दिया गया है। ओलंपिक शैली की मुक्केबाजी को और अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए विश्व मुक्केबाजी कप की सीरीज शुरू की गई। ग्रेटर नोएडा में शनिवार से विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल शुरू हो



रहा है। कैलेंडर का सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट, विश्व चैंपियनशिप, सितंबर में आयोजित किया गया था। ग्रेटर नोएडा में ओलंपिक पदक विजेताओं, विश्व पदक विजेताओं और विश्व कप चरण विजेताओं में अंतरराष्ट्रीय सितारों की अच्छी-खासी संख्या देखने को मिलेगी। उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान और चीनी ताइपे जैसे शीर्ष मुक्केबाजी देशों की मौजूदगी इस प्रतियोगिता को कठिन बना रही है। चीन इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले रहा है। पुरुषों में, विश्व कांस्य पदक विजेता इंग्लैंड के कामारा ओडेल पॉली और पोलैंड चरण के स्वर्ण पदक विजेता इटली के अत्रातिवो साल्वाटोर पर सबकी नजर रहेगी। भारत के लिए टूर्नामेंट अहम है।

# फरो आइलैंड्स को 3-1 से हराकर क्रोएशिया ने विश्व कप में बनाई जगह

**रिजेका (क्रोएशिया)**। क्रोएशिया ने विश्व कप क्वालीफायर के नौवें दौर में फरो आइलैंड्स पर 3-1 से जीत दर्ज की। इसी के साथ क्रोएशिया ने विश्व कप 2026 के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। 16वें मिनट फरो आइलैंड्स ने मुकाबले में बढ़त हासिल कर ली थी। गेजा डेविड तुरी ने मिडफील्ड में ब्रेक का फायदा उठाते हुए एक तेज शॉट लगाया, जो क्रोएशिया के गोलकीपर के पास से निकल गया। हालांकि, क्रोएशिया



ने परिपक्वता और सटीकता के साथ कुछ ही देर में जवाब दिया। सात मिनट बाद, डिफेंडर जोस्को ग्वार्डिओल ने कोने में शॉट मारकर बराबरी हासिल की। 23वें मिनट तक मुकाबला 1-1 से बराबरी पर था।

यहां से क्रोएशिया ने मिडफील्ड में खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। मुकाबले के 57वें मिनट जोसिप स्टैनिसिक ने दाईं ओर से आगे बढ़कर पेटार मूसा को एक शानदार पास दिया। मूसा ने चतुराई से गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और गोलकीपर के ऊपर से शॉट लगाया। इसी के साथ क्रोएशिया ने 2-1 से बढ़त हासिल कर ली। यह साल 2023 के बाद उनका पहला अंतरराष्ट्रीय गोल था।

दूसरे हाफ के बीच में ही उस वक्त मैच का निर्णायक मोड़ आ गया, जब इवान पेरिसिक ने बाईं ओर से एक कर्लिंग क्रॉस दिया, जिसे निकोला व्लासिक ने एक नियंत्रित साइड-फुट फिनिश के साथ गोलपोस्ट के अंदर पहुंचाया और 3-1 से जीत सुनिश्चित की।

इस जीत के साथ क्रोएशिया ग्रुप एल में शीर्ष पर पहुंच गया है। टीम के पास एक मैच शेष है। फरो आइलैंड्स अपने सभी 8 मैच खेल चुका है। यह टीम दौड़ से बाहर है।


ग्रुप एल के दूसरे मैच में, मोंटेनेग्रो ने जिब्राल्टर को 2-1 से शिकस्त दी। शुरुआत में पिछड़ने के बाद आखिरी पेनाल्टी को गोल में बदलकर टीम ने जीत दर्ज की।

# वार्ड 67 की कौंसलर शरणजीत कौर के कार्यों की लोगों ने की सराहना

**मेरा वार्ड मेरा परिवार**

मनिंदर सिंह लाडी | लुधियाना
समर न्यूज

लुधियाना के वार्ड 67 में 'मेरा वार्ड मेरा परिवार' कार्यक्रम के तहत समर एक्सप्रेस की टीम ने विजेता आम आदमी पार्टी कौंसलर शरणजीत कौर बाजवा के परिवार से विस्तारपूर्वक बातचीत की। वार्ड के विभिन्न इलाकों में जाकर रिपोर्टर ने न केवल कौंसलर के पुत्र गुरवीर गोलू बाजवा जो कि यूथ डेवलेपमेंट बोर्ड के डायरेक्टर हैं से बातचीत की गई। और इलाके के निवासियों से भी उनके अनुभव और पिछले एक वर्ष में हुए विकास कार्यों पर उनकी राय जानी।



कौंसलर के सपुत्र गुरवीर गोलू बाजवा।



पिंटू शर्मा



हरजीत सिंह



मंजीत मल्होत्रा



अरूण कुमार



गुरबचन सिंह



रजिंदर शर्मा



रिशभ भाटिया



अनिल कुमार

## एक वर्ष में वादों की स्थिति पर सवाल

*समर एक्सप्रेस के रिपोर्टर ने सबसे पहले कौंसलर शरणजीत कौर बाजवा के सुपुत्र से यह जानने की कोशिश की कि चुनाव जीतने के लगभग एक वर्ष बाद जनता से किए गए वादों का क्या हुआ। इस पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि उनकी माता जी ने चुनाव से पहले जनता से जो भी वादे किए थे, उनमें से अधिकांश को पूरा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि वार्ड के लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाता है और नियमित तौर पर इलाके में घूमकर समस्याओं का जायजा भी लिया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि "हमारे लिए यह वार्ड सिर्फ एक राजनीतिक क्षेत्र नहीं बल्कि परिवार है। यहां हर व्यक्ति से ऐसा रिश्ता है कि मैं किसी को चाचा कहता हूँ, किसी को ताया, तो किसी को भाई।" यह भावनात्मक जुड़ाव ही उनका सबसे बड़ा प्रेरणा स्त्रोत है।*

**▪ दो साल के फंड से होने वाले बड़े कार्य...**

*बाजवा के पुत्र ने बताया कि अगले दो वर्षों के लिए जो फंड आने वाला है, उससे वार्ड की सभी सड़कों को आरएमसी (रेडी मिक्स कंक्रीट) में बदलने का प्रस्ताव पास करवा दिया गया है। उन्होंने कहा कि जैसे ही फंड जारी होगा, इलाके में सड़कों के काम बड़े स्तर पर शुरू किए जाएंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि क्षेत्र में जिन कामों को लेकर अक्सर लोग शिकायत करते थे—जैसे सड़कें, जलभराव, सीवरेज—उन सबको बेहतर ढंग से निपटाने की योजना तैयार की जा चुकी है।*

**▪ सड़कों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान...**

*रिपोर्टर के यह पूछने पर कि चुनाव से पहले यह दावा किया गया था कि पहले भी काफी काम हुए हैं, लेकिन अभी भी कई सड़कें अधूरी क्यों रहती हैं, बाजवा के सुपुत्र ने स्पष्ट रूप से कहा कि कई बार सड़कों के अधूरे रह जाने का कारण ठेकेदारों या कुछ अधिकारियों की अनदेखी होती है। उन्होंने बताया कि कई बार सड़क निर्माण में गलत या खराब किस्म का मैटीरियल लगाया जाता है, जिसके चलते सड़क कुछ ही समय में टूट जाती है। इसका सीधा नुकसान आम लोगों को उठाना पड़ता है। इसीलिए उन्होंने निर्णय लिया है कि वार्ड की लगभग सभी सड़कों को अब आरएमसी से बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि "आरएमसी सड़कों पर खर्चा जरूर दोगुना आता है, लेकिन उनकी उम्र लंबी होती है। बार-बार टूटने की समस्या खत्म होती है और जनता को लंबे समय तक राहत मिलती है।*

**▪ जनता की आवाजः** *'कौंसलर रात 12 बजे भी उठाते हैं फोन' समर एक्सप्रेस की टीम ने जब वार्ड के निवासियों से बातचीत की, तो लोगों ने कौंसलर और उनके परिवार की कार्यशैली की खुलकर तारीफ की। अगर हम रात 12 बजे भी फोन कर दें, तो भी कौंसलर जी पहली ही रिंग में फोन उठा लेते हैं। बिजली, पानी, सीवरेज- कोई भी समस्या हो, तुरंत कार्य करवाया जाता है। आज की तारीख में कोई ऐसी समस्या नहीं बची जिसे लेकर शिकायत करनी पड़े।" "कौंसलर जी हमारे साथ परिवार जैसा व्यवहार करते हैं। आज तक किसी काम के लिए उन्होंने हमें मना नहीं किया। चाहे रात हो या दिन, उन्होंने हमेशा पहल के आधार पर काम करवाया है।" तीसरे निवासी ने बताया कि पहले बारिश के मौसम में हालात बहुत खराब हो जाते थे। पानी घरों तक पहुंचने की समस्या आम थी। लेकिन पिछले एक साल में हालात बदल गए। उन्होंने कहा कि "अब बारिश में पानी भरने की समस्या बिल्कुल खत्म हो गई है। यह हमारे लिए बहुत बड़ा बदलाव है।*

**▪ युवा राजनीति पर बातचीतः 'बचपन से काम को नज़दीक से देखा..**

*जब समर एक्सप्रेस के रिपोर्टर ने कौंसलर के पुत्र से यह पूछा कि आजकल युवा राजनीति में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं, तो इस बारे में उनका क्या विचार है, तो उन्होंने कहा कि राजनीति उनके लिए नई चीज नहीं है। उन्होंने बताया "जब मैं 18 साल का था, तब मेरे पिता जी निगम में ठेकेदार थे। इलाके के लगभग सभी विकास कार्य वही करवाते थे। तभी से मैं उनके साथ रहता था और कामों को बहुत करीब से देखता था। यही अनुभव आगे चलकर मेरे काम आया।" उन्होंने कहा कि किसी भी सरकारी अधिकारी से सम्मानपूर्वक बात करना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया "कभी भी किसी अधिकारी से ऐसे लहजे में बात न करें जिससे उन्हें बुरा लगे। अधिकारी भी हमारे काम को समझते हैं और कभी मना नहीं करते। सम्मान दो और सम्मान लो—इसी से काम बनते हैं। जनता का विश्वास बनाए रखना सबसे जरूरी है।"*





### पीएयू इंटर-कॉलेज यूथ फेस्टिवल का वाइस चांसलर डॉ. गोसल ने किया शुभारंभ

## सोलो लोक डांस रहा पहले दिन का मुख्य आकर्षण





लक्की भट्टी/लुधियाना
समर न्यूज

पीएयू के इंटर-कॉलेज यूथ फेस्टिवल का शुभारंभ वाइस चांसलर डॉ. सतबीर सिंह गोसल ने किया, जबकि साहित्यकार भुपिंदर कौर पातर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और छात्रों को सांस्कृतिक व रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। आज के मंच कार्यक्रमों में सोलो लोक डांस विशेष आकर्षण के रूप में आयोजित किया गया, जहाँ प्रतिभागियों ने पंजाबी लोक धुनों पर पारंपरिक अंदाज़ और अभिव्यक्ति से दर्शकों की वाहवाही लूटी पिछली कड़ियों में भी सोलो डांस और लोक गायन जैसे आयटम्स छात्रों की पसंद और प्रतिस्पर्धा का केंद्र रहे हैं, जिससे इस बार भी कड़ी टक्कर देखने को मिली।

## रिकवरी एजेंट बता घर में घुसे थे दो युवक, बदसलूकी का आरोप

सुनील शिंगार/लुधियाना
समर न्यूज

बैंक से फाइनेंस कराए हुए मोटरसाइकिल की किस्त नहीं दी तो रिकवरी विभाग के कुछ लोग बाइक मलिक के घर जा पहुंचे। बाइक मालिक नितेश कुमार ने बताया कि उक्त रिकवरी वालों ने बैंक कर्मी होने का कोई भी प्रमाण पत्र नहीं दिखाया जिसके चलते वह बदमाशी करते रहे विरोध किया तो उक्त लोगों ने घर के अंदर घुसकर उसकी और उसकी बीवी के साथ बदसलूकी की। मामले की शिकायत थाना हैबोवाल की पुलिस को दी गई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने बताया कि उसने नया मोटरसाइकिल खरीदा था। नितेश ने बताया कि पिछले 2 महीना से वह उक्त मोटरसाइकिल की किस्त नहीं दे पाया। शनिवार की दोपहर को वह अपनी पत्नी के साथ घर पर ही था। इसी दौरान खुद को बैंक कर्मी और बताने वाले दो लोग उसके घर पर आए। उक्त दोनों ही लोगों ने उसके बाइक को कब्जे में लेकर ले जाने की कोशिश की। नीतीश ने बताया कि जब वह अपने घर के अंदर घुसा तो वह भी अंदर आते घुसे और मारपीट पर उतर आए। वही इस मामले में थाना हैबोवाल के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## चलती ट्रेन में टीटीई की सूझ-बूझ से बची एक किशोरी की जिंदगी



सुनील शिंगार/लुधियाना
समर न्यूज

ट्रेन के अंदर फिरोजपुर मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ की सतर्कता से एक नाबालिक बच्ची अपने परिवार से बिछड़ने से बच गई। दरअसल चलती ट्रेन में एक अकेली नाबालिक बच्ची को देखकर उसमें तनाव टिकट चेकिंग स्टाफ करने को शक हुआ। टीटीई ने जांच की तो पता चला कि उक्त बच्ची गलती से ट्रेन में आ गई है और अब वह डरी हुई है। ट्रेन में मौजूद स्टाफ ने उक्त बच्ची से उसके परिजनों का फोन नंबर लेकर संपर्क किया। करनाल रेलवे स्टेशन पर बच्ची को उतार कर सुरक्षित तरीके से बच्ची को अमृतसर पहुंचा।

घटना शुक्रवार बाद दोपहर की है। अमृतसर से चली ट्रेन संख्या नंबर 14680 अमृतसर दिल्ली में फिरोजपुर मंडल का टिकट चेकिंग स्टाफ परशर तैनात था। जब वह टिकट चेकिंग कर रहा था तो उसने एक नाबालिक बच्ची अच्छी जो की अकेली थी और डरी सहमी थी। परशर नाम मौके पर ही ट्रेन में मौजूद आफ महिला कर्मी को बुलाया। गुप्त महिला कर्मी ने बच्ची से बातचीत शुरू की जिसने बताया कि वह गलती से ट्रेन में चढ़ आई है और अब घर वापस लौटना चाहती है। इस मामले में जानकारी देते हुए फिरोजपुर मंडल के सीनियर डीसीएम परमदीप सिंह सैनी ने बताया कि ट्रेन के अंदर मौजूद फिरोजपुर मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ की यह बढ़िया कारगुजारी है। उन्होंने बताया कि चेकिंग स्टाफ और आरपीएफ महिला कर्मी की सूझबूझ से ही बच्ची की जिंदगी बच गई। उन्होंने बताया कि बच्ची को करनाल रेलवे स्टेशन पर उतार लिया गया था जिसको बाद में सुरक्षित ढंग से अमृतसर पहुंच कर उनके परिजनों के हवाले किया गया।

**सत्संग**

### 20वें राज्य स्तरीय सामूहिक पाठ में गूंजी श्री हनुमान चालीसा पाठ की चौपाइयां

## हजारों छात्रों ने किया श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय गायन

लक्की भट्टी/लुधियाना
समर न्यूज

श्री हिन्दू न्याय पीठ की तरफ से 20वां राज्य स्तरीय श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ शनिवार को आयोजित हुआ। हजारो स्कूली छात्रों ने स्थानीय दरेसी ग्राउंड स्थित श्री राम लीला मैदान में संत समाज व धर्मचार्यो के सान्धिय में संगतमय हनुमान चालीसा पाठ की चौपाइयों का गायन किया। स्वामी दयानंद सरस्वती, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान से स्वामी कपिला भारती, स्वामी अमिता भारती, स्वामी विश्वा भारती, स्वामी राजेश्वरी देवा, स्वामी लता जी, स्वामी सर्वानंद, स्वामी अध्यात्मानंद, स्वामी निष्काम भारती, गुरूदेव आनन्द अत्री,भाई दविन्द्र सूद,बाबा हुकम चंद, धर्माचार्य पंडित अजय वशिष्ठ, श्री संकटमोचन दरबार बाला जी मंदिर से सुनील भल्ला रोमी, पंडित राजन शर्मा,ज्योतिषाचार्य रमित मलिक, पंडित गगन पाठक ने विशेष तौर पर उपस्थित होकर आर्शीवाद दिया। आर्य समाज मंदिर से योगराज शास्त्री जी के सान्धिय में विद्यार्थीयो ने वेद मंत्रो का उच्चारण कर भाव विभोर किया। भजन गायक कुमार गौरव की तरफ से संगीतमय धुनों पर प्रस्तुत भजन श्रीराम चले न हनुमान के बिना... पर उपस्थित जनसमूह ने राम नाम



का गुणगान किया। सनातन धर्म पर आधारित सवाल-जवाब प्रतियोगिता में सही जवाब देने वाले बच्चो को पुरस्कार भेंट किए गए। श्री हिन्दू न्याय पीठ के मुख्य प्रवक्ता प्रवीण डंग ने 20वें सामूहिक श्री हनुमान चालीसा के पाठ की बधाई देते हुए कहा न्याय पीठ का एक मात्र लक्ष्य बच्चों में सनातन धर्म के प्रति प्रेम भाव का संचार करना है। इस दौरान उन्होने बच्चो को माता पिता की सेवा, देश व धर्म के प्रति निष्ठा का संकल्प भी करवाया। वहीं मानवता की दुश्मन व जानलेवा चाइना डोर (प्लास्टिक डोर) का प्रयोग न करने का आहवान भी बच्चों से किया। विधायक मदन लाल बग्गा, पूर्व विधायक राकेश पांडे, पार्षद नीरज आहूजा बूटा, पार्षद अरूण शर्मा, पार्षद सुनील मौदगिल, पार्षद गुरप्रीत सिंह राजू बाबा, श्री राम लीला कमेटी दरेसी से दिनेश मरवाहा, कमल बस्सी, शिवसेना पंजाब से राजीव टंडन, संदीप थापर गौरा, भाजपा जिलाध्यक्ष रजनीश धीमान, भाजपा नेता जीवन गुप्ता, राकेश कपूर, प्रवीण बांसल, राजीव कतना, गुरदीप सिह गोशा, सहित अन्य सदस्यों ने हनुमान चालीसा के पाठ के सफल आयोजन में सहयोग करने वाली शख्शियतों व गणमान्य अतिथियो को स्मृति चिंन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया।

## समय पर फ्लैट बनाकर न दिए जाने पर हीरो रियलिटी के डायरेक्टर पर केस दर्ज

सुनील शिंगार/लुधियाना
समर न्यूज

नई दिल्ली की कंपनी हीरो रीयल्टी प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर सुनील कांत मुंजाल और उनके सेल्स मैनेजर निखिल जैन के खिलाफ दर्ज करोंडों के लेनदेन को लेकर पर्चा करवाया गया है। शिकायतकर्ता फलिताश जैन न्यू माधोपुरी इलाका का रहने वाला है ने बताया कि उसने फ्लैट खरीदने थे जिसके चलते वह उक्त आरोपियों की कंपनी हीरो रीयल्टी प्राइवेट लिमिटेड के सराभा नगर दफ्तर पहुंचा। वहां पर उसने चार फ्लैट खरीदने की एवज में डील फाइनल की। फ्लैट को खरीदने के लिए अब तक 2 करोड़ 41 लाख 13602 रुपए दिए हैं। उक्त राशि लेने के बाद भी उक्त आरोपियों ने न ही उसको फ्लैट बनाकर दिए और ना ही उसके पैसे वापस किया। वही इस मामले में थाना सराभा नगर के अधिकारियों ने बताया कि शिकायतकर्ता ने मई महीने में उनको शिकायत दी थी। शिकायत के बाद मामले की गंभीरता से जांच की गई। जांच करने के बाद अब उक्त आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है जिनको जल्द गिरफ्तार भी किया जाएगा।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 71